Weather Report
अधिकतम तापमान: 32.0c
न्यूनतम तापमान: 21.0c
हवा गति: 11 कि./घं.
जयपुर सूर्योदय समय
सुबह: 6.06

दैनिक
# संजीवनी टुडे
sanjeevnitoday.com
समय के साथ बढ़ता अखबार

वर्षः 11 अंकः 131 जयपुर, मंगलवार, 15 अक्टूबर 2024 पृष्ठः8 मूल्यः ‘1.50

अब होगी खुशियों की बात संजीवनी टुडे के साथ
जन्मदिवस, वैवाहिक वर्षगांठ एवं नियुक्ति बधाई संदेश
मात्र 1100/- में
साईज 8X8 cm
संजीवनी टुडे
e-mail: sanjeevnitoday@gmail.com

भारत-कनाडा ने एक-दूसरे के 6-6 डिप्लोमैट्स निकाले, कहा- वहां उनकी सुरक्षा का भरोसा नहीं

## भारतीय विदेश मंत्रालय ने अपने राजदूत को कनाडा से बुलाया

संजीवनी टुडे

नई दिल्ली। कनाडा से रिश्तों में तनाव के बीच भारत ने सोमवार, 14 अक्टूबर को कार्यकारी हाई कमिश्नर स्टीवर्ट रॉस व्हीलर समेत 6 कनाडाई डिप्लोमैट्स को देश से निष्कासित कर दिया। उन्हें 19 अक्टूबर की रात 12 बजे तक का समय दिया है। उधर, रॉयटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक, कनाडा ने भी भारत के 6 डिप्लोमैट्स को देश छोड़कर जाने के लिए कहा है। इससे पहले भारतीय विदेश मंत्रालय ने कनाडा में अपने हाई कमिश्नर संजय कुमार वर्मा को भी वापस बुला लिया है। दरअसल, यह कार्रवाई ट्रूडो सरकार की रविवार को भेजी एक चिट्ठी के बाद हुई। इसमें भारतीय हाई कमिश्नर और कुछ दूसरे डिप्लोमैट्स को कनाडाई नागरिक की हत्या में संदिग्ध बताया था। हालांकि कनाडाई नागरिक की जानकारी नहीं दी, लेकिन इसे खालिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या से जोड़कर देखा जा रहा है। इसके एक दिन बाद भारत ने आज शाम 6 बजे सख्त रुख अपनाया और कनाडाई राजदूत को तलब कर कहा, 'कनाडा ने जो आरोप लगाए हैं, वह आधारहीन हैं।' इसके बाद भारत ने कनाडा में अपने हाई कमिश्नर अन्य डिप्लोमैट्स वापस बुलाने की जानकारी दी। 18 जून 2023 की शाम को कनाडा के सरे शहर के एक गुरुद्वारे से निकलते समय निज्जर की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी।



### कनाडा पुलिस ने कहा, भारतीय एजेंट्स ने कई जानकारियां जुटाईं

कनाडाई पुलिस के कमिश्नर माइक दुहेमे ने प्रेस कॉन्फ्रेंस भी की। कहा, 'कनाडा में भारतीय राजनयिक और अधिकारियों ने अपने पद का दुरुपयोग कर गुप्त तरीके से भारत सरकार के लिए जानकारियां जुटाई हैं। इसके लिए भारतीय अधिकारियों ने एजेंट्स का इस्तेमाल किया। इनमें से कुछ एजेंट्स को भारत सरकार के साथ काम करने के लिए धमकाया गया और उन पर दबाव बनाया गया। उन्होंने बताया कि भारत ने जो जानकारी जुटाई, उसका इस्तेमाल दक्षिण एशियाई लोगों को निशाना बनाने के लिए किया जाता है। हमने भारत सरकार के अधिकारियों को इसके सबूत दिए थे और उनसे हिंसा को रोकने और सहयोग करने की अपील की थी। कनाडा के प्रधानमंत्री ट्रूडो ने पिछले साल 18 सितंबर को भारत सरकार पर निज्जर की हत्या में शामिल होने का आरोप लगाया था, जिसे भारत ने खारिज किया था। इसके बाद 3 मई को निज्जर की हत्या के 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। ये तीनों आरोपी भारतीय हैं।

### कनाडा बोला- पर्याप्त सबूत दिए, विदेश मंत्रालय ने कहा- आरोप बेतुके

भारत में कनाडा के डिप्टी हाई-कमिश्नर स्टूअर्ट व्हीलर ने विदेश मंत्रालय से बाहर निकलने के बाद कहा, 'कनाडा की सरकार ने वो कर दिया है जिसकी मांग भारत लंबे समय से कर रहा था। हमने कनाडा की जमीन पर कनाडा नागरिक की हत्या में भारत के एजेंट्स के शामिल होने से संबंधित पुख्ता सबूत मुहैया करवाए हैं। अब देखना होगा कि भारत इन आरोपों पर क्या कार्रवाई करता है। यह दोनों देशों के हित में है। कनाडा सहयोग के लिए तैयार है। विदेश मंत्रालय ने कहा, 'हमें कनाडा की सरकार पर भरोसा नहीं है कि वह हाई कमिश्नर वर्मा को सुरक्षा दे पाएंगे। भारत इन बेतुके आरोपों को सिरे से खारिज करता है। इसके पीछे ट्रूडो सरकार का पॉलिटिकल एजेंडा है, जो कि वोट बैंक से प्रेरित है। कनाडा लंबे समय से ऐसा करते आ रहा है। उनकी कैबिनेट में ऐसे व्यक्ति शामिल हैं जो भारत के खिलाफ चरमपंथी और अलगाववादी एजेंडे से जुड़े हुए हैं। ट्रूडो ने सितंबर 2023 में कुछ आरोप लगाए थे। हालांकि, कनाडा सरकार ने कई बार कहने के बावजूद भारत सरकार के साथ एक भी सबूत साझा नहीं किया है। यह नया आरोप भी ऐसे ही लगाया गया है। कनाडाई पुलिस ने कहा कि इन पर पुलिस कई महीनों से नजर रखे हुई थी। उन्हें यकीन है कि इन्हें भारत ने निज्जर को मारने का काम सौंपा था।

3 फ्लाइट-एक ट्रेन को बम से उड़ाने की धमकी

## एअर इंडिया की उड़ान दिल्ली डायवर्ट, इंडिगो के 2 विमान की भी जांच

संजीवनी टुडे

मुंबई। मुंबई से उड़ने वाली तीन फ्लाइट में सोमवार (14 अक्टूबर) को बम की धमकी दी गई। पहली फ्लाइट मुंबई से न्यूयॉर्क जा रही एअर इंडिया की है। सूचना मिलते ही विमान को दिल्ली डायवर्ट कर दिया गया। विमान फिलहाल दिल्ली के इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर खड़ा है। विमान में 239 पैसेंजर्स सवार हैं। दूसरी फ्लाइट इंडिगो की 6क-1275 है, यह मुंबई से मस्कट जाने वाली थी। तीसरी फ्लाइट इंडिगो की 6क56 है। यह मुंबई से जेद्दाह जाने वाली थी। इन दोनों विमानों को आइसोलेशन बे में रखकर जांच की जा रही है। सभी पैसेंजर्स को फिलहाल विमान से उतार दिया गया है। इधर, मुंबई-हावड़ा मेल को भी बम से उड़ाने की धमकी दी गई। हालांकि जांच के बाद ट्रेन को रवाना कर दिया गया। पिछले 5 दिनों में फ्लाइट में बम की धमकी का यह दूसरा मामला है। 9 अक्टूबर को लंदन से दिल्ली आ रही विस्तारा की फ्लाइट ठख18 में बम की सूचना थी। फ्लाइट के दिल्ली पहुंचने से करीब साढ़े 3 घंटे पहले एक यात्री ने प्लेन के टॉयलेट में धमकी भरा टिश्यू पेपर देखा। उसने क्रू मेंबर को सूचना दी। फ्लाइट में करीब 300 यात्री और क्रू मेंबर सवार थे। जांच के चलते पैसेंजर्स करीब 5 घंटे एयरपोर्ट पर ही फंसे रहे। कोलकाता



जा रही एअर इंडिया की फ्लाइट दिल्ली लौटी कोलकाता जा रहे एअर इंडिया के विमान को तकनीकी समस्या के कारण सोमवार को दिल्ली एयरपोर्ट पर वापस लौटना पड़ा। सुबह फ्लाइट नंबर इक्र 100 में उड़ान भरने के तुरंत बाद समस्या का पता लगते ही इमरजेंसी लैंडिंग की घोषणा की गई। एअर इंडिया यात्रियों के लिए जल्द से जल्द दूसरे विमान की व्यवस्था कर रही है। साथ ही फ्लाइट कैंसिलेशन पर पूरे पैसे रिटर्न करने की भी पेशकश की गई है। विमान में सवार कुल यात्रियों की संख्या की जानकारी नहीं मिली है। एअर इंडिया की मुंबई से तिरुवनंतपुरम जा रही फ्लाइट 657 में बम की धमकी मिली थी। विमान तिरुवनंतपुरम पहुंच चुका था। तभी पायलट ने बम की सूचना दी। फ्लाइट में 135 पैसेंजर्स सवार थे।

मणिपुर हिंसा के बाद कुकी-मैतेई पहली बार बैठक करेंगे

## दोनों समुदाय के नेता-विधायक कल दिल्ली में मिलेंगे, शांति का समाधान निकालेंगे

संजीवनी टुडे

नई दिल्ली। पिछले एक साल से मणिपुर में जारी जातीय हिंसा के बीच 15 अक्टूबर को कुकी और मैतेई समुदाय पहली बार बातचीत करने जा रहे हैं। गृह मंत्रालय की तरफ से नई दिल्ली में होने वाली बैठक में दोनों समुदाय के नेता और विधायक शामिल होंगे ताकि शांति से हिंसा का समाधान निकाला जा सके। बैठक में मैतेई समुदाय के नेता थोंगम बिस्वजीत, स्पीकर थोकचोम सत्यब्रत, थोउनाओजम बसंतकुमार, खोंगबंतबाम इबोमचा, डॉ. सपाम रंजन, थोकचोम राधेश्याम और टोंगब्रम रॉबिन्ड्रो शामिल होंगे। वहीं कुकी समुदाय के नेताओं में लेटपाओ हाओकिप, पाओलिएनलाल हाओकिप, हाओखोलेट किपगेन रहेंगे। इस चर्चा में नागा विधायकों और मंत्रियों में अवांगबो न्यूमई, एल. दिखो और राम मुइवा भी मौजूद रहेंगे। मणिपुर में जातीय हिंसा 3 मई 2023 को शुरू हुई थी। इसके 16 महीने बीत चुके हैं। इस दौरान 226 लोगों की मौत हो चुकी है। 1100 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। 65 हजार से ज्यादा लोग अपना घर छोड़ चुके हैं। अगस्त में जिरीबाम में कुकी-मैतेई ने किया था शांति समझौता दिल्ली में होने वाली बैठक से पहली अगस्त में मणिपुर के जिरीबाम में कुकी और मैतेई ने शांति समझौते पर हस्ताक्षर किए थे।



इस समझौते के तहत जिरीबाम में दोनों पक्ष आगजनी और गोलीबारी की घटनाओं को रोकने के लिए सुरक्षाबलों का सहयोग करेंगे और स्थिति सामान्य करने की दिशा में काम करेंगे। दरअसल, जिरीबाम के सीआरपीएफ ग्रुप सेंटर में 1 अगस्त को कुकी और हमार कम्युनिटी (मैतई) के बीच एक मीटिंग हुई। यह मीटिंग सीआरपीएफ, असम राइफल्स और डिस्ट्रिक्ट कमिश्नर ने आयोजित कराई थी। इसी मीटिंग में दोनों पक्षों ने एग्रीमेंट पर साइन किया। हिंसा के बीच राज्य में बढ़ीं जबरन वसूली की घटनाएं मणिपुर हिंसा के दौरान राज्य में जबरन वसूली की घटनाएं बढ़ी हैं। कई गैंग-गिरोह हैं जो जबरन वसूली करके अंडरग्राउंड हो जाते हैं।

### 'एंटी एक्सटॉर्शन सेल' का गठन किया

अब इनसे निपटने के लिए मणिपुर पुलिस ने स्पेशल सेल 'एंटी एक्सटॉर्शन सेल' का गठन किया है। 13 अक्टूबर को आईजीपी इंटेलिजेंस के. कबीब ने कहा- राज्य से निकले नेशनल हाइवे से गुजरने वालों ट्रकों से अवैध टैक्स वसूला जा रहा है। डोनेशन के नाम पर व्यापारियों, एजुकेशन इंस्टीट्यूट और आम लोगों को परेशान किया जा रहा है। उनसे जबरन वसूली की जा रही है। इसका असर इकोनॉमिक एक्टिविटी पर भी दिख रहा है। उन्होंने कहा कि पुलिस जबरन वसूली करने वालों के खिलाफ सख्त एक्शन ले रही है।

लॉरेंस डेढ़ साल से साबरमती जेल की हाईसिक्योरिटी में

## कोई मिलने भी नहीं आया, पेशी भी वीडियो कॉन्फ्रेंस से, बाबा सिद्दीकी मर्डर में नाम आया

संजीवनी टुडे

अहमदाबाद। एनसीपी अजित गुट के नेता बाबा सिद्दीकी की शनिवार रात गोली मारकर हत्या कर दी गई। बाबा सिद्दीकी की हत्या की जिम्मेदारी लॉरेंस गैंग ने ली है। गैंग का सरगना लॉरेंस पिछले डेढ़ साल से अहमदाबाद की साबरमती जेल की हाईसिक्योरिटी सेल में कैद है।

इस जेल में आने के बाद से लॉरेंस आज तक बाहर नहीं निकला है। वहीं, पिछले डेढ़ साल में उससे मिलने भी कोई नहीं आया है। इस दौरान उसकी पेशी भुज जिले की नलिया कोर्ट में होनी थी, लेकिन उसे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से ही पेश किया गया। जेल विभाग के सूत्रों ने बताया- लॉरेंस ने नवरात्रि पर नौ दिनों का व्रत भी रखा था। उसके पास गीता भी है, जो उसने साबरमती जेल आते ही जेल प्रशासन से मांगी थी। अहमदाबाद की साबरमती सेंट्रल जेल का एरियल व्यू। बीच में जो सर्किल दिखाई दे रहे हैं। उसी में नई जेल और पुरानी जेल है। अहमदाबाद की साबरमती सेंट्रल जेल का एरियल व्यू। बीच में जो सर्किल दिखाई दे रहे हैं। उसी में नई जेल और पुरानी जेल है। लॉरेंस इससे पहले बठिंडा की जेल में था। गुजरात एटीएस ने दिल्ली कोर्ट से उसका ट्रांजिट रिमांड मांगा था।



### 10 कमरों की सेल में रहता है लॉरेंस

साबरमती जेल के दो हिस्से हैं। एक नई जेल और एक पुरानी जेल। लॉरेंस को पुरानी जेल के हिस्से में रखा गया है, उसमें 10 कमरे हैं। इनमें सिर्फ लॉरेंस ही रहता है। यह हिस्सा हाई सिक्योरिटी जोन कहा जाता है। यहां पेट्रोलिंग की टीम और गार्ड्स लगातार बदलते रहते हैं। लॉरेंस को एक कमरा दिया गया है, जिसमें बिस्तर लगा हुआ है। उसे जेल का ही खाना दिया जाता है। यहां किसी भी बाहरी व्यक्ति को आने की परमिशन नहीं है। अगर कैदी से उसके किसी परिचित को मिलना भी हो तो वह उससे वीडियो कॉन्फ्रेंस से ही बात कर सकता है। यहां तक कि कैदी के वकील को भी अंदर आने की परमिशन नहीं है। 14 सितंबर 2022 में गुजरात एटीएस ने भारतीय तटरक्षक बल के साथ एक संयुक्त अभियान में कच्छ जिले में जखाऊ बंदरगाह के समीप समुद्र में 'अल तय्यासा' नाम की एक पाकिस्तानी नाव को पकड़ा था। इसमें से 200 करोड़ रुपए से अधिक कीमत की 40 किलोग्राम हेरोइन मिली थी। इस केस की पड़ताल में लॉरेंस का नाम आया था। छानबीन के लिए लॉरेंस को गुजरात लाया गया था। लॉरेंस को 24 अगस्त 2023 को बठिंडा जेल से गुजरात के नलिया कोर्ट लाया गया था। तभी से लॉरेंस साबरमती जेल में ही बंद है। इसी साल 16 जून को लॉरेंस की 17 सेकेंड की एक वीडियो कॉल वायरल हुई थी।

## बहराइच में दूसरे दिन हिंसा, इंटरनेट बंद, भीड़ ने अस्पताल-गाड़ियों के शोरूम जलाए

संजीवनी टुडे

### कल दुर्गा प्रतिमा विसर्जन में फायरिंग हुई, एक युवक मारा गया

बहराइच। उत्तर प्रदेश के बहराइच में दिनभर हालात बेकाबू रहे। हजारों की भीड़ ने अस्पताल में आग लगा दी। कई शोरूम-दुकानों को फूंक दिया। भीड़ देखकर पुलिस को भी पीछे हटना पड़ा। आसपास के 6 जिलों से फोर्स और पीएसी बुलाई गई है। एसटीएफ चीफ और लॉ एंड ऑर्डर अमिताभ यश को मैदान में उतरना पड़ा। उन्होंने आगजनी कर रही भीड़ को पहले रोका, नहीं मानी तो हाथ में पिस्टल लेकर खदेड़ा। हिंसा प्रभावित इलाके में इंटरनेट बंद कर दिया गया है। रविवार को हरदी इलाके में दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के दौरान डीजे बजाने को लेकर दो पक्षों में झगड़ा हो गया और हिंसा भड़क गई। पथराव-आगजनी के साथ 20 राउंड से ज्यादा फायरिंग हुई। गोली लगने से 22 साल के राम गोपाल मिश्रा की मौत हो गई। पुलिस ने अब्दुल हमीद, रिंकू , फहीम, राजा उर्फ साहिर खान, ननकऊ, मारुफ अली और 4 अज्ञात के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। सरकार ने 6 जिलों से पीएसी को बहराइच भेजा है। पूरा इलाका छावनी बना है। वहीं, पोस्टमॉर्टम के बाद सोमवार सुबह राम गोपाल का शव घर पहुंचा, तो 5-6 हजार की भीड़ इकट्ठा हो गई। लोगों ने शव को लेकर करीब 5 किमी तक यात्रा निकाली। पुलिस ने समझाया तो परिवार शव घर ले गया, लेकिन लोग वहां से नहीं हटे। भीड़ ने आगजनी शुरू कर दी। बहराइच एसपी वृंदा शुक्ला ने लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की। उन्होंने कहा- दोनों पक्षों के लोग आएं और बैठकर बात करें, तभी समाधान निकलेगा। काफी समझाने पर सोमवार देर शाम राम गोपाल का अंतिम संस्कार कर दिया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में फोर्स मौजूद रही। बहराइच हिंसा पर केंद्रीय मंत्री बीएल वर्मा ने कहा- योगी सरकार में दोषियों को ढूंढकर कार्रवाई की जाती है। इस घटना के मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा। अगर पुलिस ने कोई लापरवाही की है।

मुंबई में शख्स की मॉब लिंचिंग

## मां ने बचाने की कोशिश की तो भीड़ ने उन्हें भी मारा, पत्नी का मिसकैरिज, पिता की आंख डैमेज हुई

संजीवनी टुडे

मुंबई। महाराष्ट्र के मुंबई में मॉब लिंचिंग की घटना सामने आई है। मलाड ईस्ट में 27 साल के व्यक्ति को 10-15 लोगों ने उसके परिवार के सामने पीट-पीटकर मार डाला। घटना 12 अक्टूबर की है। सोमवार को घटना का वीडियो वायरल हुआ। ओवरटेकिंग को लेकर उसकी एक ऑटो ड्राइवर से बहस हो गई, जिसके बाद कई ऑटो ड्राइवरों और स्थानीय दुकानदारों ने उससे मारपीट की। विक्टिम की मां उसे बचाने के लिए उसके ऊपर लेट गई, तो भीड़ ने उन्हें भी लातें मारीं। वहीं, मारपीट में विक्टिम की पत्नी का मिसकैरिज हो गया। विक्टिम के पिता ने भीड़ को रोकने की कोशिश की, तो उन्हें आंख में चोट आई। इससे उनकी बाईं आंख परमानेंट डैमेज हो गई। दशहरे पर कार खरीदने जा रहा था परिवार शुरुआती जानकारी के मुताबिक विक्टिम महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना का मेंबर था। उसका नाम आकाश मैने बताया जा रहा है। वह 12 अक्टूबर को दशहरे पर अपने परिवार के साथ नई कार खरीदने जा रहा था, तभी यह घटना हुई। मलाड रेलवे स्टेशन के पास एक ऑटो ने उसकी कार को ओवरटेक किया, जिसके चलते एक रिक्शा ड्राइवर और आकाश के बीच कहासुनी हो गई।

### पुलिस ने 9 आरोपियों को गिरफ्तार किया

विवाद बढ़ने के बाद रिक्शा ड्राइवर ने अपने दोस्तों और स्थानीय दुकानदारों के साथ मिलकर आकाश पर हमला कर दिया। वे लोग आकाश को लगातार लातें मारते रहे। इससे उसे गंभीर चोटें आईं। उसे एक अस्पताल के ट्रॉमा सेंटर ले जाया गया, जहां आकाश ने दम तोड़ दिया। पुलिस ने 9 आरोपियों को गिरफ्तार किया इस घटना को लेकर डिंडोशी पुलिस स्टेशन में केस दर्ज कर लिया गया है। पुलिस ने एक बयान जारी कर कहा कि



मुंबई के गोरेगांव में ओवरटेकिंग को लेकर झड़प हुई, जिसमें एक व्यक्ति की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। 9 आरोपियों को गिरफ्तार कर एक कोर्ट में पेश किया गया जहां से उन्हें 22 अक्टूबर तक के लिए पुलिस कस्टडी में भेज दिया गया। महाराष्ट्र में चलती ट्रेन में एक बुजुर्ग से मारपीट की घटना सामने आई है। साथी पेसेंजर्स ने बुजुर्ग पर बीफ लेकर चलने का आरोप लगाते हुए उन्हें थप्पड़ मारे और गालियां भी दीं। इस दौरान ट्रेन में बैठे बाकी लोग चुपचाप तमाशा देखते रहे। सुप्रीम कोर्ट ने 16 अप्रैल को कहा था कि मॉब लिंचिंग की घटनाओं को धर्म के आधार पर नहीं देखा जाना चाहिए। जस्टिस बीआर गवई, जस्टिस अरविंद कुमार और जस्टिस संदीप मेहता की बेंच मॉब लिंचिंग से जुड़ी एक याचिका पर सुनवाई कर रही थी।

सितंबर में रिटेल महंगाई बढ़कर 5.49% पर पहुंची

## यह 9 महीने में सबसे ज्यादा, सब्जियों की महंगाई दर 11% से बढ़कर 36% हुई

संजीवनी टुडे

नई दिल्ली। खराब मौसम और सब्जियों के महंगे होने से सितंबर महीने में रिटेल महंगाई बढ़कर 5.49% पर पहुंच गई है। अगस्त में ये 3.65% पर थी। यह 9 महीने के उच्चतम स्तर पर है। वहीं, खाद्य महंगाई दर 5.66% से बढ़कर 9.24% हो गई है। शहरी महंगाई भी महीने-दर-महीने आधार पर 3.14% से बढ़कर 5.05% हो गई है। ग्रामीण महंगाई 4.16% से बढ़कर 5.87% पर पहुंच गई है। महंगाई के बास्केट में लगभग 50% योगदान खाने-पीने की चीजों का होता है। इसकी महंगाई महीने-दर-महीने आधार पर 5.66% से बढ़कर 9.24% हो गई है। वहीं एक साल पहले अगस्त 2023 में खाद्य महंगाई 6.62% रही थी। यानी, सालाना आधार पर भी ये बढ़ी है। महंगाई का सीधा संबंध पर्चेजिंग पावर से है। उदाहरण के लिए यदि महंगाई दर 6% है, तो अर्जित किए गए 100 रुपए का मूल्य सिर्फ 94 रुपए होगा। इसलिए महंगाई को देखते हुए ही निवेश करना चाहिए। नहीं तो आपके पैसे की वैल्यू कम हो जाएगी। महंगाई का बढ़ना और घटना प्रोडक्ट की डिमांड और सप्लाई पर निर्भर करता है। अगर लोगों के पास पैसे ज्यादा होंगे तो वे ज्यादा चीजें खरीदेंगे। ज्यादा चीजें खरीदने से चीजों की डिमांड बढ़ेगी और डिमांड के मुताबिक सप्लाई नहीं होने पर इन चीजों की कीमत बढ़ेगी। इस तरह बाजार महंगाई की चपेट में आ जाता है। सीधे शब्दों में कहें तो बाजार में पैसों का अत्यधिक बहाव या चीजों की शॉर्टेज महंगाई का कारण बनता है। वहीं अगर डिमांड कम होगी और सप्लाई ज्यादा तो महंगाई कम होगी। एक ग्राहक के तौर पर आप और हम रिटेल मार्केट से सामान खरीदते हैं। इससे जुड़ी कीमतों में हुए बदलाव को दिखाने का काम कंज्यूमर प्राइस इंडेक्स यानी सीपीआई करता है। हम सामान और सर्विसेज के लिए जो औसत मूल्य चुकाते हैं, सीपीआई उसी को मापता है।

राजस्थान में अगले साल होगी 54 भर्ती परीक्षाएं

## कर्मचारी चयन बोर्ड ने जारी किया संशोधित भर्ती कैलेंडर, मई में होगा पटवारी का एग्जाम

संजीवनी टुडे

जयपुर। राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड ने अक्टूबर 2024 से जून 2026 तक आयोजित होने वाली 70 भर्ती परीक्षाओं का कैलेंडर जारी कर दिया है। बोर्ड ने जारी किए संशोधित शेड्यूल में रिजल्ट की संभावित तारीख भी बताई है। यह बोर्ड की वेबसाइट पर देर शाम जारी किया गया था। बोर्ड के कैलेंडर के अनुसार, साल 2024 में अक्टूबर से दिसंबर तक 11 भर्ती परीक्षाएं होंगी। साल 2025 में 54 भर्ती परीक्षाएं होंगी। साल 2026 की 5 भर्ती परीक्षाओं का शेड्यूल दिया गया है। सबसे पहले समान पात्रता परीक्षा (सीनियर सेकेंडरी लेवल) होगी, जिसकी संभावित तारीख 22 अक्टूबर 2024 रखी गई है। इसका रिजल्ट 24 फरवरी 2025 को घोषित किया जाएगा। वहीं आखिरी परीक्षा 28 जून 2026 को टैक्स असिस्टेंट (कर सहायक) की होगी। इसका रिजल्ट घोषित करने की संभावित तारीख 12 दिसंबर 2026 बताई गई है। इसी निर्देश की पालना में कर्मचारी चयन बोर्ड ने सोमवार को अपनी भर्ती परीक्षाओं की तारीखों का संशोधित कैलेंडर जारी किया है।

### ये बड़ी परीक्षाएं होंगी अगले साल



कैलेंडर के अनुसार, जेल प्रहरी-2024 भर्ती परीक्षा 9 अप्रैल, 11 अप्रैल और 12 अप्रैल 2025 को होगी। इसका रिजल्ट 12 अक्टूबर 2025 को घोषित किया जाएगा। वहीं पटवारी भर्ती परीक्षा 10 और 11 मई 2025 को होगी। इसका परिणाम 11 सितंबर 2025 में घोषित किया जाएगा। बोर्ड ने इस बार एग्जाम रविवार के अलावा सामान्य दिन (वर्किंग-डे) में भी करवाने का शेड्यूल तय किया है। इसी तरह संविदा पर होने वाली कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर यानी सीएचओ की भर्ती के लिए परीक्षा 6 जून 2026 को करवाई जाएगी। वहीं ग्राम विकास अधिकारी सीधी भर्ती 2025 के लिए एग्जाम 11 और 12 जुलाई को आयोजित किया जाएगा। बता दें कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने आगामी एक साल में प्रदेश में 50 हजार से ज्यादा भर्ती करने का ऐलान किया था। इसके लिए उन्होंने भर्ती परीक्षा आयोजित करने वाली एजेंसियों (कर्मचारी चयन बोर्ड, आरपीएससी) को भर्ती परीक्षा का शेड्यूल जारी करने और जल्द परीक्षाएं करवाने के निर्देश दिए थे।

## खबरें फटाफट

### जोधपुर विकास प्राधिकरण और नगर निगम जोधपुर के सहयोग से आयोजित होगा कार्यक्रम

■ संजीवनी टुडे

जयपुर। राजस्थान की धरोहर, कला और संस्कृति को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पब्लिक आर्ट्स ट्रस्ट ऑफ़ इंडिया (पीएटीआई) की ओर से जोधपुर आर्ट्स वीकः स्पेशल प्रोजेक्ट्स एडिशन 2024 का भव्य आयोजन किया जा रहा है। 15 से 21 अक्टूबर तक चलने वाले इस खास कार्यक्रम में जोधपुर के ऐतिहासिक वॉल सिटी में स्थित तुरजी का झालरा, घंटा घर आदि पर्यटक स्थानों पर आयोजन होगा। जोधपुर विकास प्राधिकरण (जेडीए), नगर निगम जोधपुर, इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी जोधपुर के सहयोग से आयोजित हो रहे इस कार्यक्रम में ब्रिटिश काउन्सिल, डाटा आर्ट, फ्रोजन म्यूज़िक, लोएवे फाउंडेशन, जयपुर रग्स जैसी अंतर्राष्ट्रीय संस्थाएं भी साथ आई है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर जेडीए कमिश्नर उत्साह चौधरी, जोधपुर नगर निगम कमिश्नर शुभामंगला , प्रेस्टीज ग्रुप के एमडी रिज़वान रज़ाक़ और एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर फ़ैज़ रिज़वान शिरकत करेंगे। पीएटीआई की कला उद्यमी सना रेजवान द्वारा आयोजित किए जा रहे इस संस्करण में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रसिद्ध कलाकारों जैसे लिज़ वेस्ट, हितेन पटेल, रोजालिंडन शाशीबी, वुड और हैरिसन, देबोरा फिशर, एरेज़ नेवी पाना और पेट्रा कोर्टराइट की प्रदर्शनियों और साइट-विशिष्ट कलाकृतियों का एक जीवंत मिश्रण प्रस्तुत किया जाएगा। साथ ही महात्मा गांधी गवर्नमेंट स्कूल मंडी, छगनराज चोपासनी वाला गवर्नमेंट स्कूल, कोतवाली स्कूल, महात्मा गांधी हुएसन मंडी गर्ल्स स्कूल, राजकीय बालिका सीनियर सेकेंडरी स्कूल के स्टूडेंट्स भी खास रूप से इस कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे। इस सात दिवसीय कार्यक्रम में प्रतिदिन कला और संस्कृति के विभिन्न विषयों पर चर्चाएं , सेमिनार, एग्जीबिशन और रंगा-रंग कार्यक्रमों का आयोजन होगा।

### जलभराव की समस्या से परेशान लोगों ने किया विरोध प्रदर्शन



■ संजीवनी टुडे

चाकसू। यहां सोमवार को उपखंड क्षेत्र में शिवदासपुरा इलाके के चंदलाई गांव में पुलिया के पास जलभराव होने से पास स्थित कुम्हार बस्ती के लोग परेशान है। और वही इस समस्या का समाधान नही होने से गुस्साए महिला पुरुषों ने पंचायत कार्यालय के बाहर विरोध प्रदर्शन किया और चंदलाई सड़क मार्ग को जाम कर दिया गया था और वही सूचना पर पुलिस और पंचायत के अधिकारी मौके पर पहुंचे और प्रदर्शन कर रहे लोगों से समझाइश की गई थी और स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि यहां पुलिया के पास जलभराव रहता है। जलभराव से पास स्थित कुम्हारों की बस्ती में भी पानी व कीचड़ फैला रहता है। यहां पानी के निकास की कोई व्यवस्था नहीं है। ऐसे में स्थानीय निवासियों को काफी परेशानी होती है। साथ ही मौसमी बीमारियों के फैलने की आशंका भी बनी रहती है। और वही ग्रामीणों ने बताया कि पंचायत प्रशासन को कई बार अवगत कराया और समस्या समाधान की मांग की लेकिन प्रशासन ने कोई कार्रवाई नही की गई है इससे ग्रामीणों में रोष व्याप्त है। ग्रामीणों ने नाली निर्माण करवाने, पानी के निकास की व्यवस्था करवाने और सफाई की समुचित व्यवस्था करवाने की मांग की गई है।

### सर्व समाज यूथ संगठन द्वारा बांदीकुई में किया रक्तदान शिविर आयोजन



■ संजीवनी टुडे

टोडाभीम। सर्व समाज यूथ संगठन राजस्थान के द्वारा युवा स्नेह मिलन समारोह एवं रक्तदान कार्यक्रम दीपशिखा आईटीआई कॉलेज बांदीकुई में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भामाशाह शिक्षक रामधारी सिंह टोडाभीम रहें। रक्तदान में युवाओं सहित महिलाओं ने बड़े उत्साह से रक्तदान किया।कुल 107 यूनिट रक्तदान किया गया। संगठन के अध्यक्ष मुनीराम चांदेरा ने बताया कि रक्तदान करना स्वास्थ्य के लिए बहुत ही लाभदायक है तथा हम रक्तदान कर के 3 जिंदगी बचा सकते है। चांदेरा ने लोगों से अधिक से अधिक रक्तदान करने की अपील की।रामकरण जोशी हॉस्पिटल दौसा एवं जयपुरिया हॉस्पिटल जयपुर की टीमों के द्वारा रक्तदान का कार्य सम्पूर्ण किया गया। ज्ञातव्य है कि संगठन समय समय पर विभिन्न सामाजिक कार्य करता रहता है।

# निवेश के लिहाज से राजस्थान देश का सबसे मुफीद प्रदेश: मंत्री खर्रा

## मंत्री खर्रा की गरिमामयी उपस्थिति में 'राइजिंग राजस्थान' शहरी क्षेत्र प्री-समिट में 76 हजार 400 करोड़ रुपये के नए निवेश एमओयू पर हुए हस्ताक्षर

■ संजीवनी टुडे



जयपुर। निवेश के लिहाज से राजस्थान देश का सबसे मुफीद और संभावनाओं से लबरेज राज्य है। यह कहना है नगरीय विकास मंत्री श्री झाबर सिंह का। राजस्थान ने सोमवार को जयपुर में 'राइजिंग राजस्थान' शहरी क्षेत्र प्री-समिट में 400 से अधिक निवेशकों के साथ 76 हजार 400 करोड़ रुपये से अधिक के नए निवेश एमओयू पर हस्ताक्षर किए। शहरी विकास एवं आवास मंत्री श्री झाबर सिंह खर्रा और राजस्थान सरकार के मुख्य सचिव श्री सुधांश पंत की गरिमामयी उपस्थिति में एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए। रियल एस्टेट, डेटा सेंटर और आईटी पार्क, टाउनशिप और शैक्षणिक संस्थानों के निर्माण के क्षेत्रों में हस्ताक्षरित निवेश एमओयू राज्य में सतत शहरीकरण, किफायती और गुणवत्तापूर्ण जीवन के लक्ष्य को आगे बढ़ाएंगे। आज निवेश करारों पर हस्ताक्षर करने वाली प्रमुख कंपनियों में हीरानंदानी कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड, के रहेजा कॉर्प, कस्तूरी ग्रुप और विराज ग्रुप शामिल हैं। राइजिंग राजस्थान से पहले आयोजित प्री इन्वेस्टमेंट समिट को संबोधित करते हुए शहरी विकास एवं आवास मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने कहा, ळ्ळ मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के नेतृत्व में सरकार अगले पांच वर्षों में राजस्थान की अर्थव्यवस्था के आकार को मौजूदा 180 बिलियन डॉलर से दोगुना करके 350 बिलियन डॉलर करने का लक्ष्य लेकर चल रही है। उन्होंने कहा कि राजस्थान की लगभग 26% आबादी शहरी क्षेत्रों में रहती है और राजस्थान के सभी जिले महत्वपूर्ण आर्थिक केंद्र हैं जो राज्य की अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने जा रहे हैं। इसलिए, शहरी बुनियादी ढांचे का कायाकल्प और सुदृढ़ीकरण, बसों और मेट्रो जैसे सार्वजनिक परिवहन को बढ़ावा देना और किफायती आवास में परियोजनाओं को प्रोत्साहित करना सरकार की प्रमुख प्राथमिकताएँ हैं। 'राइजिंग राजस्थान' ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट 2024 के महत्व के बारे में बात करते हुए राजस्थान सरकार के मुख्य सचिव सुधांश पंत ने कहा, ळ्ळ मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने अपने कार्यकाल के पहले ही वर्ष में राइजिंग राजस्थान सम्मेलन की मेजबानी करने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि राइजिंग राजस्थान के तहत हस्ताक्षरित समझौता ज्ञापनों को अगले 2-3 वर्षों में जमीन पर उतारा जाए। उन्होंने कहा कि राजस्थान में ईज़ आफ़ डूइंग बिज़नेस को प्रोत्साहित करने, फाइल-प्रोसेसिंग समय को कम करने और उद्योगों के विस्तार और स्थापना के लिए विकेन्द्रीकृत-स्तर के निर्णय लेने को बढ़ावा देने में कोई कसर नहीं छोड़ी जा रही है। प्री-समिट इवेंट में निवेशकों के सामने प्रेजेंटेशन देते हुए शहरी विकास और आवास विभाग के प्रमुख सचिव वैभव गालरिया ने कहा, ळ्ळराजस्थान राज्य में देश में सबसे अधिक भूमि है, जो बढ़ते शहरीकरण को देखते हुए अत्यंत महत्वपूर्ण है। पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना की घोषणा से राज्य की पानी की जरूरतों को भी कम किया जा रहा है। राज्य निवेशक-अनुकूल नीतियों जैसे कि किफायती आवास नीति और समान टाउनशिप नीति के प्रभावी कार्यान्वयन के माध्यम से सतत शहरीकरण के लिए प्रतिबद्ध है। मंत्री खर्रा ने इस अवसर पर शहरी विकास और आवास विभाग के नए विकास प्रोत्साहन और नियंत्रण विनियमों का भी शुभारंभ किया। इस कार्यक्रम में 'भविष्य के लिए तैयार शहरों के लिए स्मार्ट बुनियादी ढांचे का निर्माण' पर एक पूर्ण सत्र भी आयोजित किया गया था, जिसमें आवास, स्मार्ट शहरों, शहरी नियोजन के लिए आईटी समाधान, सतत शहरों, शहरी गतिशीलता, सार्वजनिक परिवहन, औद्योगिक टाउनशिप जैसे क्षेत्रों पर समृद्ध चर्चा हुई। यूडीएच विभाग के प्री-समिट से पहले, राजस्थान सरकार ने 08 अक्टूबर को मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के नेतृत्व और उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी की गरिमामयी उपस्थिति में अपने पर्यटन विभाग का प्री-समिट आयोजित किया। निवेशकों तक व्यापक पहुंच के परिणामस्वरूप राजस्थान सरकार को 12.75 लाख करोड़ रुपये से अधिक के निवेश प्रस्ताव (एमओयू) प्राप्त हुए हैं।

# स्थानीय कॉमर्शियल वाहनों का टोल मुफ्त करवाने की मांग को लेकर नाराज वाहन चालकों ने टोल प्रशासन को घेरा

■ संजीवनी टुडे



फागी। जयपुर भीलवाड़ा मेगा हाईवे पर रेनवाल मांजी में संचालित टोल प्लाजा पर सोमवार को स्थानीय कॉमर्शियल वाहन चालकों ने टोल प्रशासन को घेरा। और स्थानीय लोगों से टोल वसूल करने के मामले को लेकर लेकर नाराजगी जाहिर की। नाराज वाहन चालकों ने टोल प्रशासन की ओर से एलएंटी रोड पर बैरियर लगाकर बंद किए रास्ते को खोला। और प्रदर्शन करने लगे। सूचना पर पुलिस प्रशासन मय जाब्ता मौके पर पहुंचा। समझाइश कर वाहन चालकों तथा ग्रामीणों को शांत किया। स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों ने टोल प्रशासन के समक्ष वाहन चालकों का पक्ष रखा।

टोल प्रशासन की ओर से वाहन चालकों के लिए संतोषजनक जवाब मिलने पर सभी स्थानीय कॉमर्शियल वाहन चालकों ने सहमति जताई। टोल मैनेजर राम चौधरी से बात की गई तो उन्होंने कहा कि कुछ लोग बाहर के हैं और वह यहां काम धंधा करते हैं, जिनमें से कुछ लोगों ने रेनवाल मांजी, हरसुलिया और मोहनपुरा की स्थानीय आईडी बनवा रखी है, जिनके वाहन का रजिस्ट्रेशन बाहर का है लेकिन स्वयं की आईडी स्थानीय की दिखाकर माहौल बिगाड़ रहे हैं। ऐसी स्थिति में वाहन मालिक का स्थानीय होना जरूरी है तथा वाहन का रजिस्ट्रेशन भी स्थानीय क्षेत्र का होना आवश्यक है। वाहन मालिक की स्थानीय आईडी प्रूफ तथा वाहन के रजिस्ट्रेशन की प्रतिलिपि टोल प्रशासन को जमा करवारकर स्थानीय होने की पुष्टि करें इस दशा में वाहन का फास्टैग बनाकर पास बनाया जा सकेगा। जिससे स्थानीय वाहन चालकों को टोल से राहत मिल सकेगी। जिस पर वाहन चालकों ने सहमति जताई तब टोल प्रशासन और वाहन चालकों में बात बनी। इस दौरान रेनवाल मांजी थानाधिकारी रामपाल शर्मा, ग्राम पंचायत हरसुलिया सरपंच दयाल राम सैनी, रेनवाल मांजी सरपंच संजय बुनकर, मोहनपुरा पृथ्वी सिंह सरपंच प्रतिनिधि सत्यनारायण थारोल, भाजपा नेता महेश भावरिया, जिला परिषद सदस्य जैकी टाटीवाल, रामकिशन धाभाई, रामस्वरूप निठारवाल, शक्ति भाई मंसूरी, मुकेश प्रजापति सहित वाहन चालक एवं ग्रामीण मौजूद रहे।

# पेंशनरों को स्वस्थ रहने और साइबर क्राइम से सावधान रहने के गुर बताए

■ संजीवनी टुडे



जयपुर। पेंशन समाज उपशाखा मालवीय नगर की वरिष्ठ उपाध्यक्ष चेतन कुमार जैन की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में पेंशनरों की विभिन्न समस्याओं और उपलब्ध सुविधाओं पर विस्तार से विचार विमर्श कर स्वस्थ रहने, साइबर क्राइम से सावधान रहने के गुर बताने के साथ संगठन को मजबूत बनाने पर जोर दिया गया। बैठक में साइबर क्राइम के संबंध में जानकारी देने हेतु हेल्प एज इंडिया से श्री मुकेश यादव उपस्थित रहे । उन्होंने सीनियर सिटीजन्स के साथ होने वाले साइबर क्राइम के बारे में विस्तृत जानकारी दी ।

साइबर क्राइम से बचने के लिए अपना सुरक्षित पासवर्ड बनाने की सलाह दी । अगर किसी के साथ साईबर क्राइम हो जाता है तो तत्काल 1930 पर सहायता हेतु फोन करने की सलाह दी। कैब बुक करते वक्त धोखे से बचने हेतु संबंधित कैब का नंबर, ड्राइवर का नाम आदि जांच ले और उसी के बाद ओटीपी देकर कैब का उपयोग करें । श्री आर के व्यास, कॉर्डिनेटर चिकित्सा के द्वारा आमंत्रित डॉक्टर गोविन्द माथुर ने वरिष्ठ नागरिकों को स्वस्थ रहने के गुर बताए व नियमित व्यायाम, नियमित चेक अप करवाने व चीनी , नमक से दूर रहने की सलाह दी । साथ ही ज्यादा से ज्यादा जेनेरिक दवाइयां का ही उपयोग करने के बारे में जानकारी दी।

उप सचिव बाबू लाल गुप्ता ने पेंशन समाज के आगामी वर्ष के कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए बताया कि 51 भामाशाह तैयार करने है ताकि आगामी वर्ष का प्रोग्राम वृहद स्तर पर आयोजित किया जा सके। उन्होंने उप शाखा के हर व्यक्ति को कम से कम पांच सदस्य नए बनाने और पेंशनर समाज को मजबूत करने पर बल दिया। प्रियांस यादव और आर के व्यास जी ने 9 व 10 नवंबर को बिरला ऑडिटोरियम में आयोजित होने वाले हेल्थ कैंप के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए बताया की सभी प्रकार के टेस्ट निशुल्क होंगे । बैठक में वरिष्ठ उपाध्यक्ष चेतन कुमार जैन ने पेंशनर्स को दवा नहीं मिलने के बिंदु को उठाते हुए सभी को सलाह दी कि वह अपनी शिकायत 181 पर या पेंशन समाज को लिखित में उपलब्ध कराएं जिससे दवा विक्रेताओं के विरुद्ध करवाई करवाई जा सके । जैन ने बताया की पेंशन समाज मालवीय नगर द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी 200 से 250 स्वेटर एवं जर्सी गरीब छात्र-छात्राओं को वितरित करने का प्रस्ताव है। शाखा सचिव पीडी अरोड़ा ने डॉ केशव कुमार शर्मा, संरक्षक द्वारा 5100 रूपये सुलभ करने पर आभार व्यक्त किया।

# अशोक लेलैंड लाइट कमर्शियल व्हीकल्स ने उदयपुर में

■ संजीवनी टुडे



उदयपुर। हिंदुजा समूह की प्रमुख भारतीय कंपनी और देश की अग्रणी कमर्शियल व्हीकल्स निर्माता कंपनी अशोक लेलैंड ने उदयपुर में लाइट कमर्शियल व्हीकल्स के लिए अपनी नई डीलरशिप का उद्घाटन किया। यह राजस्थान राज्य में छठी लाइट कमर्शियल व्हीकल डीलरशिप है। नए चैनल पार्टनर तिरुपति ऑटोमोबाइल्स के पास 3एस (सेल्स, सर्विस और स्पेयर्स) सुविधा है जो रणनीतिक रूप से देवली, गोवर्धन विलास, अहमदाबाद रोड, उदयपुर में स्थित है। यह सुविधा उन्नत उपकरणों, 02 क्विक सर्विस बे से सुसज्जित है और इसमें बेहतर ग्राहक अनुभव सुनिश्चित करने के लिए आधुनिक इन्फ्रास्ट्रक्चर है। कंपनी वर्तमान में कमर्शियल व्हीकल्स की एक पूरी रेंज पेश करती है, इसमें शामिल हैं- बड़ा दोस्त, दोस्त, पार्टनर और मित्र रेंज। अशोक लेलैंड के एलसीवी बिजनेस के हैड विप्लव शाह ने कहा, ''हम राजस्थान में अपनी मौजूदगी को और मजबूत करने के लिए उत्साहित हैं। यह क्षेत्र हमेशा से अशोक लेलैंड के लिए एक महत्वपूर्ण बाजार रहा है। हम इस क्षेत्र में अपनी मजबूत पकड़ बनाने के लिए काम कर रहे हैं और उदयपुर में नई डीलरशिप इस क्षेत्र में हमारी उपस्थिति को मजबूत करेगी। हमारे 'दोस्त रेंज' और अब 'बड़ा दोस्त' की जबरदस्त सफलता का श्रेय हमारे उत्पादों की मजबूती और हमारे नेटवर्क की व्यापक पहुंच को दिया जा सकता है। हमारे वाहनों को ग्राहकों की ओर से जबरदस्त रेस्पॉन्स मिल रहा है। यह हमारे वाहनों के बेहतरीन माइलेज, टॉप क्लास परफॉर्मेंस और बेजोड़ सेल्स और आफ्टर सेल्स सर्विस से मिले सपोर्ट के कारण संभव हुआ है। हमें अपनी असाधारण सेवा पर बहुत गर्व है, हमारे लगभग 70 प्रतिशत ग्राहक वारंटी अवधि के बाद भी हमारे डीलर वर्कशॉप में लौटते हैं। ग्राहक सेवा और संतुष्टि के लिए हमारी प्रतिबद्धता पर हम मजबूती से कायम हैं और हम वाहनों के स्वामित्व के अनुभव को और बेहतर बनाने और इस दिशा में ऊंचे स्टैंडर्ड कायम करना जारी रखेंगे। अशोक लेलैंड के उत्पाद प्रतिस्पर्धी लागत पर अपनी श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ तकनीक की पेशकश करके भारतीय एलसीवी ग्राहकों की उभरती जरूरतों को पूरा करने के लिए लॉन्च किए गए हैं। आज पूरे भारत में पाँच लाख से ज्यादा एलसीवी हैं। हाल ही में लॉन्च किया गया 'बड़ा दोस्त' एक बिल्कुल नए मज़बूत एलसीवी प्लैटफ़ॉर्म पर बनाया गया पहला उत्पाद है और इसके चार वैरिएंट हैं- , द्व2, द्व3+, द्व4, और द्व5। इसमें 80 एचपी बीएस6 इंजन लगा है जो अपनी श्रेणी में सबसे ज्यादा पावर और माइलेज, अपनी श्रेणी में सबसे ज्यादा पेलोड और अपनी श्रेणी में सबसे ज्यादा लोड बॉडी की लंबाई और लोडिंग स्पेस देता है जिससे ग्राहकों को हर ट्रिप पर ज्यादा मुनाफ़ा कमाने में मदद मिलती है। अपने कम टर्निंग रेडियस और अपनी श्रेणी में सबसे ज्यादा ग्राउंड क्लीयरेंस के कारण, 'बड़ा दोस्त' शहर के अंदर और बाहर इस्तेमाल के लिए एक आदर्श वाहन है और यह सभी तरह के इलाकों में आसानी से चल सकता है। दोस्त रेंज निम्नलिखित वेरिएंट में उपलब्ध है- दोस्त लाइट, दोस्त स्ट्रॉन्ग और दोस्त प्लस। ये मॉडल बाज़ार और इस्तेमाल के अलग-अलग हिस्सों की ज़रूरतों को पूरा करते हैं। 'पार्टनर' एक आधुनिक और अत्यधिक फ्यूल एफिशिएंट लोड कैरियर है ।

# हुंडई मोटर इंडिया लिमिटेड का आईपीओ 15 को

■ संजीवनी टुडे




जयपुर। हुंडई मोटर इंडिया लिमिटेड (''कंपनी'') ने मंगलवार, 15 अक्टूबर, 2024 को इक्विटी शेयरों की अपनी आरंभिक सार्वजनिक पेशकश (आईपीओ - ''ऑफर'') खोलने का प्रस्ताव किया है। कंपनी ह्व्भफ्द्ध दथ्द्ध ख्रधप्धन्‍ समूह की अंग है, जो क्रिसिल रिपोर्ट के अनुसार कैलेंडर वर्ष 2023 में यात्री वाहन बिक्री के आधार पर दुनिया में तीसरी सबसे बड़ी ऑटो ओईएम थी। एंकर इन्वेस्टर बोली की तारीख बोली/ऑफर खुलने की तारीख से एक कार्य दिवस पहले है, जो सोमवार, 14 अक्टूबर, 2024 है। बोली बंद होने की तारीख गुरुवार, 17 अक्टूबर, 2024 है। ऑफर का प्राइस बैंड ? 1,865 प्रति इक्विटी शेयर से ? 1,960 प्रति इक्विटी शेयर तय किया गया है। न्यूनतम 7 इक्विटी शेयरों और उसके बाद 7 इक्विटी शेयरों के गुणकों के लिए बोली लगाई जा सकती हैं।

कंपनी के आईपीओ में हुंडई मोटर ('प्रमोटर सेलिंग शेयरहोल्डर') द्वारा 142,194,700 इक्विटी शेयरों का ऑफर फॉर सेल शामिल है। कंपनी को इस प्रस्ताव से कोई आय ('प्रस्ताव आय') प्राप्त नहीं होगी। इसके अलावा, नेट क्यूआईबी पोर्शन का 5% आनुपातिक आधार पर केवल म्यूचुअल फंड को आवंटित करने के लिए उपलब्ध होगा, बशर्ते ऑफर मूल्य पर या इससे ऊपर वैध बोलियां प्राप्त हों, और नेट क्यूआईबी हिस्से का शेष हिस्सा आनुपातिक आधार पर सभी क्यूआईबी (एंकर निवेशकों के अलावा) को आवंटित करने के लिए उपलब्ध होगा, जिसमें म्यूचुअल फंड भी शामिल हैं, बशर्ते कि ऑफर मूल्य पर या इससे ऊपर वैध बोलियां प्राप्त हों। इसके अलावा, शुद्ध प्रस्ताव का कम से कम 15% गैर-संस्थागत निवेशकों (''गैर-संस्थागत श्रेणी'') को आवंटन के लिए उपलब्ध होगा। इसमें से गैर-संस्थागत श्रेणी का एक-तिहाई हिस्सा ? 200,000 से अधिक और ? 1,000,000 तक के आवेदन आकार वाले बोलीदाताओं को आवंटन के लिए उपलब्ध होगा और गैर-संस्थागत श्रेणी का दो-तिहाई हिस्सा ? 1,000,000 से अधिक के आवेदन आकार वाले बोलीदाताओं को आवंटन के लिए उपलब्ध होगा। साथ ही गैर-संस्थागत श्रेणी की इन दो उप-श्रेणियों में से किसी एक में कम-सब्सक्रिप्शन को सेबी आईसीडीआर विनियमों के अनुसार गैर-संस्थागत श्रेणी की अन्य उप-श्रेणी में बोलीदाताओं को आवंटित किया जा सकता है, बशर्ते कि प्रस्ताव मूल्य पर या इससे ऊपर वैध बोलियां प्राप्त हों।

# राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम (एनसीएपी) कार्य योजना कार्यान्वयन की समीक्षा बैठक आयोजित

## वायु स्वच्छता हेतु बेहतर कार्य योजना तैयार कर उसे प्रभावी रूप में अमल में लाना अहम घटक- एनसीएपी निदेशक

■ संजीवनी टुडे



अलवर। राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम (एनसीएपी) वन एवं पर्यावरण मंत्रालय के निदेशक डॉ. प्रशांत गार्गव ने अलवर के मिनी सचिवालय स्थित कलक्टेट में अलवर शहर की एनसीएपी कार्य के कार्यान्वयन एवं जीआरएपी (ग्रैप) की समीक्षा बैठक ली। राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम (एनसीएपी) वन एवं पर्यावरण मंत्रालय के निदेशक डॉ. गार्गव ने राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम में शामिल अलवर शहर में वायु गुणवत्ता सुधार हेतु किए गए कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिये कि वायु प्रदूषण की रोकथाम से जुडे विभाग टीम भावना के साथ बेहतर तालमेल रखते हुए अलवर शहर की वायु की गुणवत्ता को सुधारने हेतु एक विस्तृत सेच्युरेटेड कार्य योजना तैयार करे। जिसमें वायु प्रदूषण के कारणों हेतु सर्वे, निदानात्मक कार्य आदि शामिल करें। कार्य योजना के तहत प्राथमिक स्तर के कार्य जिसमें निविदा आदि कार्य समयबद्ध रूप से कर लिए जावे। उन्होंने कहा कि तैयार की जाने वाली अच्छी कार्य योजना का बेहतर क्रियान्वयन किया जाना भी अतिमहत्वपूर्ण विषय है। उन्होंने कहा कि नगर निगम नोडल एजेन्सी के रूप में कचरा प्रबंधन, वायु गुणवत्ता एवं स्वच्छता, हॉट स्पॉट पॉइंट को दृष्टिगत रखते हुए शहर का माइक्रो प्लान तैयार कर कार्य योजना बनाए। अन्य संबंधित विभाग भी अपना माइक्रो प्लान तैयार करे। यूआईटी शहर में पौधारोपण की कार्य योजना बनाए जिसमें तकनीकी सहयोग वन विभाग का लेवे। उन्होंने नगर निगम आयुक्त को निर्देश दिये कि एनसीएपी की शेष राशि का उपयोग कार्य योजना के अनुरूप करे। उन्होंने सडक निर्माण एजेंसियों यूआईटी, नगर निगम, पीडब्ल्यूडी एवं रिडकोर को सडक की एंड टू एंड पेवलिंग कार्य का सेच्युरेशन प्लान तैयार करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि शहर की वायु व शहर को स्वच्छ रखने हेतु आम नागरिकों की सक्रिय भागीदारी को प्रोत्साहित करे। उन्होंने ग्रैप के नियमों की संबंधित एजेंसियों के माध्यम से पालना कराने के निर्देश दिये।

वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से वन एवं पर्यावरण मंत्रालय की अतिरिक्त सचिव (से.नि.) कल्पना शर्मा ने एनसीएपी कार्यक्रम में शामिल ऐसे शहर जिन्होंने अपनी वायु गुणवत्ता में अभूतपूर्व सुधार किया है की तर्ज पर अलवर शहर को बेहतर वायु गुणवत्ता वाला शहर बनाने के लिए विभागीय समन्वय, कचरा प्रबंधन, स्वच्छता, वायु गुणवत्ता सुधार हेतु आधुनिक तकनीक का उपयोग, स्वच्छ शहरों की विजिट, नागरिक व एनजीओ की सहभागिता के संबंध में विस्तृत प्रजेन्टेशन प्रस्तुत किया। ग्रैप के दिशा-निर्देशों की पालना के संबंध में प्रदूषण नियंत्रण मंडल के क्षेत्रीय अधिकारी दीपेन्द्र झरवाल ने ग्रैप की श्रेणीवार लगाए जाने वाले प्रतिबंधों एवं विभागीय दायित्वों के बारे में पीपीटी के माध्यम से विस्तार से जानकारी प्रदान की। जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि बैठक में दिए गए दिशा-निर्देशों की पालना अक्षरशः टीम भावना के साथ कराई जावे। शहर की स्वच्छता रैंकिंग में सुधार हेतु एनसीएपी व ग्रैप के दिशा-निर्देशों की पालना समयबद्ध रूप से कराई जावे। उन्होंने नगर निगम आयुक्त को निर्देशित किया कि एनसीएपी के नोडल अधिकारी के रूप में सभी विभागों से समन्वय स्थापित कर इसका बेहतरीन कार्यान्वयन करावे। उन्होंने जिला प्रशासन द्वारा स्वच्छता एवं वायु प्रदूषण सुधार हेतु किए जा रहे कार्यों के बारे में अवगत कराया। उन्होंने 'अतुल्य अलवर अभियान' के तहत शहर की साफ-सफाई से जुडी नागरिकों की शिकायतों के निराकरण हेतु दद्यद्दथद्बथद्यबथन्‌.द्बद्ब पोर्टल तैयार कराया गया है जिस पर लोगों की शिकायतों का 24 घण्टे में निराकरण करने का प्रयास किया जा रहा है। कचरा उठाव व निस्तारण की दिशा में किए गए कार्यों के बारे अवगत कराया। उन्होंने कहा कि बैठक में दिए गए दिशा-निर्देशों को धरातल पर प्रभावी रूप में लागू करने हेतु अक्षरशः पालना कराई जावेगी। बैठक में केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण मंडल की पर्यावरण वैज्ञानिक डॉ. साक्षी बत्रा, एडीएम द्वितीय योगेश डागुर, नगर निगम आयुक्त जितेन्द्र सिंह नरूका, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुख्यालय तेजपाल सिंह, डीएफओ अलवर राजेन्द्र हुड्डा, प्रशिक्षु आईएएस सोनू कुमारी, डीटीओ सुरेश यादव, रीको के वरिष्ठ क्षेत्रीय प्रबंधक परेश सक्सेना, डीआईसी के महाप्रबंधक एम.आर मीणा, यूआईटी के अधीक्षण अभियन्ता तैयब खान, कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक पी.सी मीणा, जिला परिषद के एसीईओ बबली राम जाट, खनि अभियन्ता मनोज शर्मा, पीडब्ल्यूडी के अधिशासी अभियन्ता एम.एल मीणा सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## खबरें फटाफट

### चित्तौड़गढ़ की नवागत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सरिता सिंह ने पदभार ग्रहण किया



■ संजीवनी टुडे

चित्तौड़गढ़। नवागत एएसपी सरिता सिंह ने सोमवार को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुख्यालय चित्तौड़गढ़ के पद पर पदभार ग्रहण कर लिया। पुलिस मुख्यालय की प्राथमिकताओं, अपराधियों पर शिकंजा कसने व परिवादियों की शिकायतों पर तत्परता से कार्य करना बताया। राजस्थान पुलिस सेवा की अधिकारी सरिता सिंह ने सोमवार को जिले के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुख्यालय के पद पर पदभार ग्रहण के दौरान बताया कि जिले में अपराध और अपराधी पर नकेल कसने के लिए कार्य योजना बनाई जाएगी ताकि अपराध व अपराधियों पर सख्त कार्रवाई हो सके। उन्होंने कहा कि आमजन पुलिस के पास अपनी फरियाद लेकर आते हैं, जो हर शिकायत गंभीर होती है, इसलिए प्रत्येक शिकायत को गंभीरता से लेकर उस पर कार्य किया जाएगा। वहीं पुलिस कर्मियों के हितों का भी ध्यान रखा जायेगा। एएसपी सरिता सिंह सितंबर 2019 से जनवरी 2021 तक भी जिला चित्तौड़गढ़ में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के पद पर अपनी सेवाएं दे चुकी हैं।

### पर्यावरण के लिए जीवन शैली में सर्वश्रेष्ठ कार्य करने वाले राकेश प्रजापत को जिला कलक्टर ने किया सम्मानित



■ संजीवनी टुडे

सलूंबर। मिशन ''पर्यावरण के लिए जीवन शैली'' के तहत सर्वश्रेष्ठ कार्य करने वाले राकेश प्रजापत को जिला कलक्टर जसमीत सिंह संधू ने सम्मानित किया ''पर्यावरण के लिए जीवन शैली'' विषय पर जागरूकता बढ़ाने एवं इस संबंध में आमजन द्वारा किये जा रह सकारात्मक प्रयास एवं नवाचार की जानकारी डिजीटल माध्यम से सूचना संकलित करके स्वस्थ प्रतिस्पर्धा के रूप में आमजन से गुगल फॉर्म के माध्यम से 18 बिन्दुओं पर विवरण भरवाया गया था। आमजन इस संबंध में स्वयं द्वारा किये जा रहे कार्यों के फोटो/विडियो अपलोड करने थे ।

### जाशमा में दुर्गा माता की प्रतिमा का विसर्जन बड़े हर्ष उल्लास के साथ डीजे साउंड के साथ किया

■ संजीवनी टुडे

जाशमा । स्थानीय ग्राम जाशमा में नवरात्रि के पर्व पर गरबा मंडल के द्वारा मोहल्ले मोहल्लों में मां दुर्गा क प्रतिमा स्थापित की गई नवरात्रि पर 9 दिन तक पांडाल को सजा धजा कर डीजे साउंड के साथ में गुजराती गरबे को गीतों के द्वारा नवयुवक एवं युवतियां 9 दिन तक गरबा का डांडिया नृत्य किया गया जिसमें मां काली का मंदिर चारभुजा के पास ,गोलियों का मंदिर के पास जय माता दी गरबा मंडल ,कुम्हार मोहल्ला में जय माता दी गरबा मंडल ,रेबारी बावजी सुड़ियों का मोहल्ला में एवं यादव मोहल्ला ,गांव के सभी मोहल्लों में नवरात्रि के पर्व पर गरबा डांडिया नृत्य किया गया मां दुर्गा की पूजा अर्चना कर महा आरती ,गुड का चूरमा का प्रसाद चढ़ाया गया ,एवं खीर का प्रसाद श्रद्धालुओं को वितरण किया गया .गरबा में आनंद के साथ मां दुर्गा की प्रतिमा को जाशमा तालाब में विसर्जन किया गया।

### सिंगल सुपर फॉस्फ़ेट एसएसपी उर्वरक कृषि के लिए वरदान

■ संजीवनी टुडे

डूंगरपुर। वर्तमान रबी सीजन में डीएपी उर्वरक की संभावित कमी के मद्देनजर जिले के समस्त कृषकों को सलाह दी गई है कि वे बुवाई के समय डीएपी के वैकल्पिक स्त्रोत के रूप में सिंगल सुपर फॉस्फ़ेट (एसएसपी) का प्रयोग करे। कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक परेश कुमार पण्ड्या ने बताया कि एसएसपी एक फॉरफोरस युक्त उर्वरक है, जिसमें 16 प्रतिशत फॉस्फोरस एवं 11 प्रतिशत सल्फर की मात्रा पाई जाती है। इसके उपलब्ध सल्फर के कारण यह उर्वरक तिलहनी एवं दलहनों फसलों के लिए डीएपी उर्वरक की अपेक्षा अधिक लाभदायक होता है। एसएसपी उर्वरक का उत्पादन राज्य में होने के कारण आसानी से उपलब्ध है। एक बैग डीएपी की कीमत में तीन बैग एसएसपी खरीदे जा सकते है। तीन बैग एसएसपी से मिलने वाले पोषक तत्वों का मूल्य लगभग 1900 रूपए होता है जो एक बैग डीएपी में मिलने वाले पोषक तत्वों के मूल्य 1350 रूपए से अधिक है। एसएसपी के साथ यूरिया का उपयोग कर फसल बुवाई के समय आवश्यक नाइट्रोजन, फॉस्फोरस एवं सल्फर पोषक तत्वों की पूर्ति कम लागत में ही आसानी से की जा सकती है।

# चित्तौड़गढ़ पुलिस की बड़ी कार्यवाही: अवैध मादक पदार्थों की कमाई से अर्जित अवैध संपत्ति को कराया फ्रिज

**फरिज की गई संपत्ति की कीमत करीब एक करोड़।**

■ संजीवनी टुडे

चित्तौड़गढ़। अवैध मादक पदार्थों की काली कमाई से खरीदी गई अवैध संपत्ति को फ्रीज करने की कार्रवाई पुलिस अधीक्षक सुधीर जोशी के निर्देशन में थानाधिकारी सदर निम्बाहेड़ा द्वारा सोमवार को की गई। अपराधी शिवलाल पायक द्वारा अवैध मादक पदार्थ का व्यापार कर खरीदी गई अवैध संपत्तियों को एनडीपीएस एक्ट की धारा 68कके तहत फ्रीज करने की कार्रवाई थानाधिकारी सदर निम्बाहेड़ा संजय शर्मा पु. नि. द्वारा की गई। फ्रिज की गई संपत्ति के समस्त दस्तावेज संबंधित अथॉरिटी को भिजवाए गए हैं। अपराधी की फ्रिज की गई संपत्ति की कीमत करीब एक करोड़ रुपए है। पुलिस अधीक्षक सुधीर जोशी ने बताया कि अवैध मादक पदार्थों की खरीद फरोख्त से अर्जित की गई सम्पति को फ्रिज करने की कार्यवाही के क्रम में अवैध मादक पदार्थों की खरीद फरोख्त से अर्जित की सम्पतियों को एनडीपीएस एक्ट की धारा 68 क(1) के तहत फ्रिज करने की कार्यवाही धानाधिकारी संजय शर्मा पुलिस निरीक्षक थानाधिकारी थाना सदर निम्बाहेडा जिला चित्तौडगढ़ द्वारा की गई। समस्त दस्तावेज संबंधित कंपीटेट अर्थोरिटी को भिजवाये गये।

अभियुक्त शिव लाल पायक (वैध) पिता मोहन लाल पायक (वैध) निवासी लसडावन जिला चित्तौडगढ के खिलाफ जिला चित्तौडगढ़ व अन्य जिलो के थानो में कुल 13 प्रकरण दर्ज है, जिसमे से 10 प्रकरण एन.डी.पी.एस एक्ट के तहत दर्ज है। जिला पुलिस अधीक्षक सुधीर जोशी के निर्देश पर थानाधिकारी सदर निम्बाहेडा संजय शर्मा पुलिस निरीक्षक अभियुक्त शिव लाल पायक के द्वारा मादक पदार्थ तस्करी से अर्जित सम्पति की वित्तीय जांच करते हुए अर्जित अचल सम्पतियों को चिन्हित किया तो आरोपी ने गांव लसडावन गांव में चार मकान एंव उसकी पत्नि के नाम पर सम्पति 0.2 हैक्टयर भुमि भावलिया जिला चित्तौडगढ़ मे ज्ञात हुआ। ग्राम रावलीया (पटवार हल्का भावलिया) में स्थित भुमि एंव ग्राम लसडावन में स्थित चार मकानो की वेल्युवेशन करीब एक करोड़ रूपये होना पायी गई। ऐसी संपत्ति जो अवैध मादक पदार्थों के व्यापार से या अवैध रूप से अर्जित की गई हो या उस संपत्ति के छुपाए जाने स्थानांतरित किए जाने या निपटाए जाने की संभावना है, उस संपत्ति को इस धारा के अंतर्गत जप्त किया जाता है। किसी भी व्यक्ति पर मादक पदार्थ की तस्करी या उससे संबंधित कोई भी मुकदमा दर्ज होने के बाद उसकी पैतृक संपत्ति के अलावा काली कमाई से अर्जित की गई संपत्ति को पुलिस द्वारा जप्त किए जाने की कार्रवाई की जाती है।



पुलिस अधीक्षक सुधीर जोशी के अनुमोदन पर एन.डी.पी.एस एक्ट में फरार चल रहे अपराधी लसड़ावन के शिवलाल पायक की सम्पति फ्रीज कराने की कार्यवाही के संदर्भ मे एएसपी परबत सिंह व डीएसपी निम्बाहेड़ा बद्रीलाल के निर्देशन में संजय शर्मा पु. नि. द्वारा धारा 68 एन.डी.पी.एस एक्ट के तहत के समक्ष इस्तगासा पेश किया। उक्त विभाग द्वारा अपराधी शिवलाल की सम्पति को फ्रिज करने के आदेश दिये गए।

आदेश की पालना मे एसएचओ संजय शर्मा द्वारा अपराधी के गांव लसड़ावन मे स्थित आवास, उसकी खेती की जमीन को फ्रीज किया गया। अवैध मादक पदार्थों का व्यापार कर खरीदी गई सम्पतियों को एनडीपीएस एक्ट की धारा 68 क(1) के तहत फ्रीज करने की कार्यवाही थानाधिकारी संजय शर्मा पुलिस निरीक्षक थानाधिकारी थाना सदर निम्बाहेडा द्वारा की गई। समस्त दस्तावेज संबंधित कंपीटेट अर्थोरिटी को भिजवाये गये। कंपिटेन्ट ऑथोरिटी द्वारा सितंबर माह में दो बार सुनवाई की गई। 30 नवम्बर को कंपिटेन्ट ऑथोरिटी द्वारा थानाधिकारी सदर निम्बाहैडा द्वारा पेश किये गये फ्रीजिग आदेश का अनुमोदन कर स्थाई किया गया। भारत सरकार की और से अधिकृत कंपिटेट ऑथोरिटी द्वारा अभियुक्त शिव लाल एंव उसकी पत्नि की अवैध मादक पदार्थ तस्करी से अर्जित आय से गांव लसडावन गांव मे चार मकान 01. भदेसर रोड 02 मेघवालो का मोहल्ला 03 जैन मोहल्ला 04 माली मोहल्ला में स्थित है एंव शिव लाल की पत्नि श्रीमति मंजु देवी के नाम पर सम्पति खाता नम्बर 179 खसरा नम्बर 847/688 वाली 0.2 हैक्टयर भूमि रावलीया (पटवार हल्का भावलिया) जिला चित्तौडगढ में स्थित है। ग्राम रावलिया में स्थित भुमि एंव ग्राम लसडावन में स्थित चार मकानो की वेल्युवेशन करीब एक करोड़ रूपये होना पायी गई। उक्त सम्पति को फ्रीज किया गया। पुलिस अधीक्षक सुधीर जोशी ने बताया कि चित्तौड़गढ़ पुलिस द्वारा अपराधी की संपत्ति जब्ती की इस साल की यह पहली कार्रवाई की गई है और आगे भी अवैध मादक पदार्थ के प्रकरणों में लिप्त अपराधियों की संपत्ति जब्ती की कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

## जिला चित्तौड़गढ़ की कॉन्स्टेबल चालक भर्ती परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों का दस्तावेज, बायोमेट्रिक सत्यापन व मेडिकल परीक्षण 22 को पुलिस लाईन में

■ संजीवनी टुडे

चित्तौड़गढ़। जिला चित्तौड़गढ़ की कॉन्स्टेबल चालक भर्ती 2023 हेतु आयोजित शारिरिक दक्षता व कम्प्यूटर आधारित (सीबीटी) परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों का परिणाम घोषित हो गया है। सफल अभ्यर्थी पुलिस विभाग की वेबसाइट पर अपना परिणाम देख सकेंगे। सफल अभ्यर्थियों को नियुक्ति से पूर्व बायोमेट्रिक सत्यापन, मेडिकल बोर्ड से स्वास्थ्य परीक्षण, मूल दस्तावेजो के सत्यापन आदि की औपचारिकतायें 22 अक्टूबर को पुलिस लाईन चित्तौड़गढ़ में की जाएंगी। पुलिस अधीक्षक सुधीर जोशी ने बताया कि पुलिस मुख्यालय राजस्थान जयपुर की विज्ञप्ति द्वारा जिला चित्तौड़गढ़ की 12 पदों की कांस्टेबल चालक भर्ती 2023 हेतु आयोजित शारिरिक दक्षता, कंप्यूटर आधारित (सीबीटी) परीक्षा एवं विशेष योग्यता के अंकों को सम्मिलित करते हुए सफल रहे 12 अभ्यार्थियों का चयन किया गया। जिसका वर्गवार प्रोविजनल परीक्षा परिणाम पुलिस विभाग की वेबसाइट पर अपलोड कर दिया गया है। सफल अभ्यर्थियों के रोल नंबर की सूची पुलिसअधीक्षक कार्यालय एवं पुलिस लाइन चित्तौड़गढ़ के नोटिस बोर्ड पर चस्पा की गई है। अभ्यर्थी अपना परीक्षा परिणाम राजस्थान पुलिस विभाग की वेबसाइट पर ऑनलाइन देख सकते हैं। चयन सूची पर अंकित चयनित अभ्यार्थियों को सूचित किया जाता है कि कॉस्टेबल चालक पद पर नियुक्ति हेतु मेडिकल बोर्ड से स्वास्थ्य परीक्षण, समस्त मूल दस्तावेज की जाँच एवं बायोमेट्रिक मिलान दिनांक 22 अक्टूबर 2024 को प्रातः 07.00 बजे रिर्जव पुलिस लाईन जिला चित्तौडगढ में की जानी है अतः प्रकाशित विज्ञाप्ति संख्या 3346 दिनांक 03.08.2024 की बिन्दू संख्या 14 में वर्णितानुसार समस्त मूल प्रमाण पत्र व इनकी 01-01 फोटो प्रति स्वयं प्रमाणित की हुई व हाल ही में खीचें गये पासपोर्ट साईज के 08 रंगीन फोटो कार्मिक विभाग की अधिसूचना कमांक एफ-7 (1) डीओपी / ए-ऋ/ 2019 दिनांक 20.10.2019 के कम में आर्थिक पिछड़ा वर्ग अभ्यार्थियों का आवेदन वर्ष से पूर्व के एक वित्तीय वर्ष अर्थात वर्ष 2022-23 आय का ऑन लाईन जारी प्रमाण पत्र, विवाहित होने पर विवाह पंजीयन प्रमाण पत्र, शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, मूल निवासी प्रमाण पत्र अन्तिम शिक्षा ग्रहण करने वाले शैक्षणिक संस्थान द्वारा जारी चरित्र प्रमाण पत्र, दो राजपत्रित अधिकारी द्वारा जारी चरित्र प्रमाण पत्र (छः माह से अधिक पुराने न हो एवं रिश्तेदार द्वारा जारी किया हुआ न हो) दो फोटो पहचान पत्र विशेष योग्यता प्रमाण पत्र (एन.सी.सी. / होमगार्ड / डिप्लोमा), दहेज नहीं लेने सम्बन्धी शपथ पत्र, विवाहित हो तो दिनांक 01.06.2002 के पश्चात दो से अधिक संतान नहीं होने संबंधी शपथ पत्र एक से अधिक जीवित पति / पत्नी नहीं होने संबंधी शपथ पत्र आपराधिक गतिविधियों में सम्मिलित नहीं होने या सजायाफता नहीं होने के सम्बन्ध में घोषणा पत्र, भूतपूर्व सैनिक होने की स्थिति में एन.ओ.सी. / डिस्चार्ज प्रमाण पत्र / पेंशनर प्रमाण पत्र (पीपीओ की प्रति) विधवा के मामले में अपने पति का मृत्यु प्रमाण पत्र, तलाक शुदा होने की स्थिति में विवाह विच्छेद का दस्तावेज (न्यायालय की डिकी), धुमपान / तम्बाकू सेवन नहीं करने का शपथ पत्र आदि समस्त प्रमाण पत्रों सहित एवं आवश्यक तैयारी के साथ दिनांक 22 अक्टूबर 2024 को प्रातः 07.00 बजे तक रिजर्व पुलिस लाईन चित्तौडगढ में उपस्थित होना सुनिश्चित करें। अभ्यार्थियों को इस संबंध में किसी प्रकार का मानदेय देय नहीं होगा। अभ्यार्थियों का उपस्थित देने के उपरांत बायोमेट्रिक सत्यापन एवं स्वास्थ्य परीक्षण कराया जायेगा। सभी अभ्यार्थीगण स्वास्थ्य परीक्षण तक रुकने की आवश्यक तैयारी के साथ आयेगें।

## पटेल पाटीदार डांगी समाज की महारैली को लेकर भरी हुंकार, युवा आगे बढ़े,हम उनका हर संभव सहयोग करेंगे : पंच

■ संजीवनी टुडे

सराडा।पटेल पाटीदार डांगी समाज की महारैली को लेकर सलूंबर जिले की बैठक बनोड़ा सैदड़ी त्रिवेणी धाम पर हुई।बैठक की अध्यक्षता समाज के सभी वडील पंचों ने की।राष्ट्रीय सरदार पटेल सेना के उदयपुर संभाग उपाध्यक्ष भगवानलाल पटेल ने स्वागत उद्बोधन दिया।वडील पंच प्रेमजी बलावत,धूलजी वकालिया, वालजी भेरवा, समलावत, प्रेमजी धर्मावत, परता भाई अमलोदा ने युवाओं का मार्गदर्शन किया। उदयपुर संभाग अध्यक्ष हीरालाल पटेल खिरावड़ा ने डूंगरपुर जिला मुख्यालय पर आयोजित होने वाली महारैली के रूट चार्ट की जानकारी दी। हीरालाल पटेल ओडवाडीया ने कहा कि महारानी का आयोजन अनुशासन के साथ में किया जाएगा।राष्ट्रीय सरदार पटेल सेना के प्रदेश संयोजक महेंद्र डांगी ने कहा कि हमें समाज पंचों के मार्गदर्शन में आगे बढ़ना होगा,तभी पूरे समाज को हम एकजुट कर पाएंगे।राष्ट्रीय अध्यक्ष विनोद पाटीदार



मसोटिया ने कहा कि राष्ट्रीय सरदार पटेल सेना समाज के लिए सदैव तत्पर रहेगी। कवि सुनील पटेल नेजपुर ने कहा कि समाज को राजनीति, व्यापार और शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ाने के लिए सभी का सहयोग जरूरी है। वीरेंद्र डांगी व डायालाल पाटीदार ने कहा कि 31 अक्टूबर को डूंगरपुर जिला मुख्यालय पर महारैली के आयोजन में बढ़-चढ़कर भूमिका निभानी होगी। इस दौरान विक्रम खेराड, नारायण धताणा, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष कचरू पटेल वजवाना, श्यामसुंदर पाटीदार सतीरामपुर, लालशंकर पाटीदार मोकरवाड़ा, लालचंद पटेल गामड़ी, उपसरपंच कमलेश पाटीदार घड़माला, बिछीवाड़ा ब्लाक अध्यक्ष कांतिलाल पाटीदार, दिलीप भेहणा, प्रदेश महामंत्री अनार सिंह पटेल कोहाला, गढ़ी ब्लॉक अध्यक्ष वजेंग भाई समागड़ा, लोकेश पटेल, हितेश पटेल, जगदीश, लालजी सेदरी, दिनेश सैदरी, शंकर जी बलावत समाजसेवी, गोविंद धर्मावत, लालजी इंदौडा, रामजी भाई इंदौडा, उपसरपंच हीरालाल इंदौडा, दिलीप गुडेल, लालूराम, भेरूलाल वकावत, गणेश खेराड समाजसेवी, उपसरपंच खेमराज जी ईश्वर वास, जिला अध्यक्ष भेरुलाल, हीरालाल आदि रहे।

### हीता के चामुंडा माता मंदिर विकास समिति के अध्यक्ष बने राव



■ संजीवनी टुडे

उदयपुर। हीता कस्बे में स्थित चामुंडा माता मंदिर प्रांगण में रविवार को ग्राम वासियों व मंदिर विकास समिति द्वारा देवेंद्र सिंह राव को निर्विरोध समिति अध्यक्ष पद पर निर्वाचन किया गया निर्वाचन के पश्चात हीता ठिकाने से सज्जन सिंह शक्तावत और ग्राम वासियों द्वारा नवीन अध्यक्ष को पगड़ी और ऊपरना पहना कर स्वागत किया गया अवंती लाल चौधरी ने बताया कि चामुंडा माता मंदिर का भेट पात्र हर अमावस्या को खुलता है लेकिन वर्षों से परंपरा चली आ रही है कि नवरात्रि महोत्सव के नो दिन के पश्चात वापस ग्यारस को भेट पात्र खोलते है मंदिर विकास समिति व ग्राम वासियों की उपस्थित में भेट पात्र खोला गया जिसमें दो लाख छियालीस हजार तीस रूपये प्राप्त हुए साथ ही एक चांदी का सिक्का, एक चांदी का छत्र व एक सोने की चार ग्राम सोने की रकडी भेट स्वरूप प्राप्त हुई और सभी ग्राम वासियों मंदिर विकास समिति द्वारा निर्णय लिया गया कि अगले एक माह में मंदिर विकास समिति की नवीन कार्यकारणी का गठन किया जाएगा इस अवसर पर मंदिर मंडल सदस्य कई ग्रामीण व युवा उपस्थित थे।

**प्रताप नगर फव्वारा चौक से चैन स्नेचिंग की वारदात का खुलासा**

## दो आरोपी गिरफ्तार व घटना मे प्रयुक्त एक मोटर साईकल जब्त

**आरोपी रणजीत खटीक के पूर्व मे कुल 34 प्रकरण दर्ज हो महाराष्ट्र के तीन प्रकरणो में वांछित**

■ संजीवनी टुडे

चित्तौड़गढ़। शहर के प्रताप नगर फव्वारा चौक इलाके में गत 06 अक्टूबर को मोटर साईकिल सवार दो लोगो द्वारा एक महिला के गले से सोने की चैन झपटने की वारदात का खुलासा करते हुए सदर चित्तौड़गढ़ थाना पुलिस व साइबर सेल ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर घटना मे प्रयुक्त एक मोटर साईकल को जब्त किया है। गिरफ्तार आरोपियों में एक रणजीत उर्फ राजवीर खटीक के पूर्व मे कुल 34 प्रकरण दर्ज हो महाराष्ट्र के तीन प्रकरणो में वांछित चल रहा है। जिला पुलिस अधीक्षक सुधीर जोशी द्वारा जिले में हुई चैन स्केचिंग, नकबजनी व चोरियों के विरूद्ध कार्यवाही एवं आपराधिक गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण हेतु जिले के समस्त पुलिस अधिकारीयों को निर्देशित किया गया। इसी क्रम में एएसपी चित्तौड़गढ़ परबतसिंह एवं डीएसपी चित्तौड़गढ़ विनय कुमार के सुपरविजन में थानाधिकारी सदर चित्तौड़गढ़ गजेन्द्रसिह पुलिस निरिक्षक के नेतृत्व में थाने के जाब्ता व साईबर सैल टीम की संयुक्त टीम गठीत की गई। 06 अक्टूबर को प्रतापनगर निवासी रतन देवी खाब्या के गले से सोने की चैन दो अज्ञात व्यक्ति मोटर साईकिल पर सवार होकर तोड़कर ले चले जाने के मामले में थाना सदर चित्तौड़गढ़ पर दर्ज प्रकरण में जांच



शुरू की गई। प्रकरण की गम्भीरता को देखतें हुए टीम द्वारा तकनीकी रुप से अनुसंन्धान करते हुए उक्त वारदात स्थल का मौका मुआयना कर तकनीकी डाटा एवं तकनिकी साक्ष्य जुटाए एवं घटना के आसपास से लेकर पुरे रूट के करीब 150 कैमरे के सभी सीसीटीवी कैमरे की रिकार्डिंग प्राप्त कर घटना का रूटमैप तैयार किया। तकनिकी डाटा का विश्लेषण कर आरोपियों को नामजद कर उनके बारे में सुचना प्राप्त की व उनके संदिग्ध ठिकानों पर जगह-जगह दबीश दी जाकर उक्त वारदात कारीत करने वाले दोनों आरोपियों को गिरफतार किये जाकर माल बरामदगी के प्रयास जारी है। व उक्त आरोपियों द्वारा अन्य वारदातो के संबध मे पूछताछ जारी है। उक्त गैंग के आरोपियों द्वारा मुख्य मार्ग व नाकाबन्दी पॉईंट से बचते हुए ग्रामीण ईलाको के कच्चे रास्तों से होकर वारदात करने के बाद अपने स्थान पर जाते है, आरोपियो द्वारा बुजुर्ग महिलाओं को अकेला देखकर वारदात को अंजाम देते है । रणजीत उर्फ राजवीर पिता बंशीलाल खटीक उम्र 39 साल निवासी आखरीया चैक बेगूं थाना बेगू जिला चित्तौडगढ। चन्द्रसिह उर्फ राघव उर्फ चिन्टु पिता शंकरसिह राजपूत उम्र 27 साल निवासी रथाजना थाना निम्बाहेडा कोतवाली हाल भीम जी की बावडी बेगू जिला चित्तौडगढ। आरोपी रणजीत उर्फ राजवीर पिता बंशीलाल खटीक आले दर्जे का चैन स्नेचर व बाईक चोर हो अलग अलग राज्यों में करीब 40 वारदातों को अन्जाम देना और महाराष्ट्र में 3 जगह पर वान्छित होना ज्ञात आया है। आरोपी द्वारा निम्न जगहों पर वारदातों को अपने अलग साथियों के साथ अन्जाम दिया है ।

### साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित



■ संजीवनी टुडे

डूंगरपुर। अतिरिक्त जिला कलक्टर दिनेश धाकड़ की अध्यक्षता में सोमवार को साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। जिला कलेक्ट्रेट परिसर के डीओआईटी सभागार में आयोजित बैठक में विभाग वार समीक्षा करते हुए पीएचईडी एवं पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिकारियों की 7 अक्टूबर को संयुक्त बैठक आयोजित करने, एडवर्ड संमंद प्रस्ताव बनाकर भेजने की जानकारी दी। वहीं, नगर परिषद आयुक्त ने झील संरक्षण अधिसूचित के संबंध में लोधेश्वर बांध एवं एडवर्ड संमंद के सर्वे होने, पार्कों में फॉगिंग करवाने संबंधी जानकारी प्रदान की। बैठक में एडीएम ने मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी को ब्लॉक स्तर पर आयोजित बैठकों की रिपोर्ट भेजने तथा सीएटी परीक्षा आयोजन की तैयारी के संबंध में निर्देश प्रदान किए। कृषि विभाग की समीक्षा के दौरान संयुक्त निदेशक ने क्रॉप कटिंग प्रथम भाग पूर्ण होने, द्वितीय भाग शुरू होने खाद एवं बीज की उपलब्धता की जानकारी प्रदान की। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने मौसमी बीमारियों, त्योहारों के सीजन में की जाने वाली खाद्य सामग्रियों की जांच के संबंध में की जाने वाली कार्यवाही के बारे में जानकारी प्रदान की। एडीएम ने सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता उप निदेशक को पेंशन वेरिफिकेशन में शेष रहे प्रकरणों में भी संबंधित एसडीएम को सूचित करने के निर्देश दिए। साथ ही विधानसभा उप चुनाव के दौरान दिव्यांगजन मतदाताओं के शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करवाने के लिए पंचायत वार सूची उपलब्ध कराने एवं अन्य व्यवस्थाओं के निर्देश दिए। उप निदेशक में बताया कि इस संबंध में सीमलवाड़ा, झौंथरी व चिखली में बैठक आयोजित कर ली गई है तथा आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान कर दिए गए हैं।

# राष्ट्रीय स्तर पर संस्कृति ज्ञान परीक्षा का आयोजन किया

■ संजीवनी टुडे

उदयपुर। विद्या भारती संस्कृति शिक्षा संस्थान कुरुक्षेत्र की ओर से संस्कृति बोध परियोजना के अंतर्गत प्रतिवर्ष राष्ट्रीय स्तर पर संस्कृति ज्ञान परीक्षा का आयोजन किया जाता है, जिसमे देशभर में लगभग साढ़े 22 लाख छात्र सम्मिलित होते है ᵐ संस्थान द्वारा क्षेत्रीय संस्कृति महोत्सव 2024 उदयपुर में 13 अक्टूबर से 15 अक्टूबर तक स्थानीय विद्या निकेतन उच्च माध्यमिक विद्यालय सेक्टर 4 में आयोजित हो रहा है। विश्व के प्रत्येक देश में अपनी संस्कृति, परंपराओं, जीवन मूल्य, ज्ञान विज्ञान एवं महापुरुषों के अनुभवों को राष्ट्रीय धरोहर के रूप में भावी पीढ़ी को शिक्षा के माध्यम से सौंपने का प्रयास होता है, इसी का अनुसरण करते हुए विद्या भारती संस्कृति शिक्षा संस्थान द्वारा प्रतिवर्ष संस्कृति महोत्सव का आयोजन किया जाता है इसके अंतर्गत शिशु वर्ग, बाल वर्ग, किशोर वर्ग और तरुण वर्ग के अंतर्गत विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन जिला, प्रांत, क्षेत्र व राष्ट्रीय स्तर पर होता है। उदयपुर में 13 अक्टूबर से 15 अक्टूबर तक क्षेत्रीय संस्कृति महोत्सव 2024 का आयोजन हो रहा है जिसमें चित्तौड़, जयपुर, जोधपुर प्रांत के यानी संपूर्ण राजस्थान के 250 से अधिक विजेता प्रतिभागी छात्र अपने-अपने प्रांत का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। यहाँ से विजेता प्रतिभागी राजस्थान क्षेत्र का



प्रतिनिधित्व 16 नवम्बर से उज्जैन में शुरू होने वाली राष्ट्रीय स्तर (अखिल भारतीय स्तर) की प्रतियोगिता में करेंगे। इस क्षेत्रीय संस्कृति महोत्सव में अलग-अलग वर्गों में प्रश्न मंच , मूर्तिकला, आशु-भाषण एवं कथा कथन तथा आचार्य पत्र वाचन प्रतियोगिता आयोजित होगी तथा विशेष प्रस्तुति के रूप में दिनांक 14 अक्टूबर को दोपहर 2 से 7 बजे तक कक्षा 6 से 10 तक के प्रतिभागियो द्वारा मिट्टी की मूर्ति बनाना और सायं 8:30 बजे राज्य स्तर पर चयनित प्रतियोगियों द्वारा चुनिंदा लोक नृत्य की प्रस्तुति विशेष आकर्षण का केंद्र रहेगी। लोकनृत्यों के संवर्धन के लिए लोक नृत्य और विद्यार्थियो में शिल्प कला के प्रति रूचि जाग्रत करने व उनमे निपुणता, सृजनात्मकता लाने हेतु मूर्तिकला की विधा जोड़ी गई है।

अतिथियों का परिचय विद्या भारती उदयपुर जिला सचिव कालू जी चौबिसा द्वारा कराया गया तथा कार्यक्रम की रूपरेखा(रचनात्मक जानकारी) रमेश जी शुक्ला द्वारा बताई गई। जोधपुर प्रांत की बहन भूमि ने भावगीत ''लक्ष्य तक पहुंचे बिना पथिक विश्राम कैसा'' सुना कर सभी को मंत्र मुग्ध कर दिया। मुख्य वक्ता गोविंद जी ने अपने उद्बोधन ने कहा कि हमारी संस्कृति, जीवन मूल्य को हमारे जीवन मैं हमें आत्मसात करना है। हमारी संस्कृति को जानना है, मानना है, समझना है तथा जीना है, हमारे पूर्वजों से हमें संस्कार मिले हैं हमें आने वाली पीढ़ी में इन संस्कारों को आगे बढ़ाना है। संस्कृति ज्ञान परीक्षा, संस्कृति महोत्सव इन बातों को हमारे अंदर समाहित करने का काम कर रहा है। मुख्य अतिथि सांसद मन्ना लाल जी रावत ने कहा कि वर्तमान ऐसा कालखंड है जब भारतीय संस्कृति को बड़ा महत्व मिल रहा है । 2047 में हमारा भारत विकसित हो चुका होगा, परम वैभव को प्राप्त कर चुका होगा ,इसमें भारतीय नृत्य ,संगीत ,रीति रिवाज को भारतीय संस्कृति का विचार प्रमुख भूमिका निभाएगा। हमारे जीवन में भारत का विचार आता जा रहा है जो की राष्ट्रवाद को भरने का काम कर रहा है। आभार प्रदर्शन विद्या भारती उदयपुर के अध्यक्ष प्रकाश जी फुलानी ने किया। कार्यक्रम का संचालन पूनम चंद जी राठौर के द्वारा किया गया। इसके अलावा अलग-अलग वर्गों में आज प्रश्न मंच प्रतियोगिता आयोजित हुई तथा बच्चों में मूर्ति कला को विकसित करने, सृजनात्मक लाने के लिए मूर्ति कला की प्रतियोगिता हुई जिसमें तीनों प्रांतों के भैया बहनों ने उत्साह पूर्ण रूप से भाग लिया।

## मतदाता जागरूकता हेतु ई.एल.सी. की बैठक के साथ केम्पस ऐम्बेसेडर किए नियुक्त

■ संजीवनी टुडे

सलूंबर। विधानसभा क्षेत्र सलूम्बर 156 के अंतर्गत निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी पर्वत सिंह चुण्डावत एवं सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी डॉ. मयूर शर्मा के निर्देशन में संचालित स्वीप गतिविधियों के अन्तर्गत राजकीय एवं निजी महाविद्यालयों में ई.एल.सी. की बैठक का आयोजन किया गया एवं मतदाता जागरूकता को बढ़ाने के लिये केम्पस ऐम्बेसेडर की नियुक्ति की गई। राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सराडा में संस्था प्रधान पी.डी. राजोरा की अध्यक्षता में ई. एल.सी. की बैठक रखी गई। जिसमें साक्षी मीणा एवं फैजल बैग मिर्ज़ा को केम्पस ऐम्बेसेडर नियुक्त किया गया। इस अवसर पर ई.एल.सी. नोडल अधिकारी डी. आर. मीणा एवं सभी छात्र सदस्य उपस्थित रहे। सलूम्बर स्थित राजकीय हाडारानी स्नातकोत्तर महाविद्यालय में प्राचार्य डा. मुकेश चौहान एवं ई.एल.सी. नोडल अधिकारी डा. फिरोज मोहम्मद शेख के मार्गदर्शन में ई.एल.सी. की



बैठक का आयोजन किया गया जिसमें लोकतंत्र में मतदान के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला गया एवं अध्ययनरत 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके छात्र छात्राओं को शत प्रतिशत मतदाता रजिस्ट्रेशन करवाने का लक्ष्य रखा गया। प्रेम कुमारी मीणा एवं सुजल जैन को केम्पस ऐम्बेसेडर नियुक्त कर मतदाता जागरूकता में उनकी भूमिका के बारे में बताया गया। इस अवसर पर कॉलेज स्वीप प्रभारी टीकमचंद सोयल, परमेश्वरलाल, डॉ. कपिल धवन एवं सभी ई.एल.सी सदस्य विद्यार्थी उपस्थित रहें। सांवरिया कॉलेज में संस्था प्रधान डॉ. विशाल चौबीसा ई.एल.सी. नोडल अधिकारी जयेश चौबीसा एवं ई.एल.सी. छात्र सदस्यों की उपस्थिति में ई.एल.सी. की बैठक रखी गई तथा योगेश गांछा एवं विवेक मेघवाल को केम्पस ऐम्बेसेडर नियुक्ति किया गया।

सम्पादक की कलम से.... सम्पादकीय

# हिंसा से बढ़ता सामाजिक अलगाव एवं अकेलापन



आज देश ही नहीं, दुनिया में हिंसा, युद्ध एवं आक्रामकता का बोलबाला है। जब इस तरह की अमानवीय एवं क्रूर स्थितियां समग्रता से होती है तो उसका समाधान भी समग्रता से ही खोजना पड़ता है। हिंसक परिस्थितियों एवं मानसिकताएं जब प्रबल हैं तो अहिंसा का मूल्य स्वयं बढ़ जाता है। हिंसा किसी भी तरह की हो, अच्छी नहीं होती। मगर हैरानी की बात ये है कि आज हिंसा के कारण लोग सामाजिक अलगाव एवं अकेलेपन का शिकार हो रहे हैं। शिकागो विश्वविद्यालय के द्वारा हाल ही में किये गये अध्ययन में भी यह बात सामने आई है। यह अध्ययन शिकागो के ऐसे 500 वयस्क लोगों के सर्वे पर आधारित है जो हिंसक अपराध के उच्च स्तर वाली जगह पर रहते हैं। तथ्य सामने आया कि हिंसा का बढ़ता प्रभाव मानवीय चेतना से खिलवाड़ करता है और व्यक्ति स्वयं को निरीह अनुभव करता है। इन स्थितियों में संवेदनहीनता बढ़ जाती है और जिन्दगी सिसकती हुई प्रतीत होती है।

शिकागो विश्वविद्यालय के मेडिसिन के सामाजिक महामारी विशेषज्ञ एलिजाबेथ एल तुंग का कहना है कि हिंसा व्यक्ति के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य पर नकारात्मक असर डालती है। शहरी वयस्कों में हिंसा की वजह से सामाजिक अलगाव एवं अकेलापन पाया गया। अकेलापन कुछ सीमित शारीरिक गतिविधियों से जुड़ा है, जैसे सही तरह से दवाएं न लेना, खानपान, धूम्रपान व मदिरापान आदि। व्यक्ति अपने ही समुदाय में जितनी अधिक हिंसा का शिकार होता है, अकेलापन उसे उतना ही ज्यादा घेर लेता है। सबसे ज्यादा अकेलापन उन लोगों में पाया गया जो सामुदायिक हिंसा का शिकार हुए। पोस्ट-ट्रॉमेटिक स्ट्रेस डिसऑर्डर में यह पॉजिटिव आए। एलिजाबेथ एल तुंग का कहना है कि अध्ययन के नतीजे उन वृद्ध लोगों के लिए विशेष रूप से परेशान करने वाले हैं, जो हिंसात्मक पड़ोस में रहते हैं। उनमें अकेलेपन की अधिक संभावना होती है और वे तनाव से जुड़ी बीमारियों से अधिक ग्रस्त हो जाते हैं। अकेलापन एक बढ़ती गंभीर स्वास्थ्य समस्या है। विशेषज्ञों का अनुमान है कि अमेरिका में यह मृत्यु दर में इजाफ़े का बड़ा कारण बन सकता है। अध्ययन में हिस्सा लेने वाले 77 प्रतिशत लोग 50 से अधिक उम्र के थे।

एक शोधकर्ता ने कहा, सामाजिक अलगाव और अकेलेपन से जूझ रहे व्यक्ति को हृदयरोग का खतरा सबसे ज्यादा होता है। ठीक उस तरह जिस तरह धूम्रपान करने वाले को होता है। कहा जा सकता है कि अकेलापन धूम्रपान के बराबर घातक है। बढ़ती हिंसक मानसिकता एवं परिस्थितियों के बीच न जिन्दगी सुरक्षित रही, न इंसान का स्वास्थ्य और न जीवन-मूल्यों की विरासत। अहिंसा की प्रासंगिकता के बीच हिंसा के तरह-तरह के पौधे उग आये हैं। हिंसक विकृतियां एक महामारी है, उसे नकारा नहीं जा सकता। अहिंसक मूल्यों के आधार पर ही मनुष्य उच्चता का अनुभव कर सकता है और मानवीय प्रकाश पा सकता है। क्योंकि अहिंसा का प्रकाश सार्वकालिक, सार्वदेशिक और सार्वजनिक है। इस प्रकाश का जितना व्यापकता से विस्तार होगा, मानव समाज का उतना ही भला होगा, वह सुरक्षित महसूस करेगा एवं जिन्दगी के प्रति धन्यता का अनुभव करेगा। इसके लिये तात्कालिक और बहुकालिक योजनाओं का निर्माण कर उसकी क्रियान्विति से प्रतिबद्ध रहना जरूरी है। क्योंकि देश एवं दुनिया में सब वर्गों के लोग हिंसा से संत्रस्त हैं।

कोई भी संत्रास स्थायी नहीं होता, यदि उसे निरस्त करने का उपक्रम चालू रहता है। हिंसक लोगों एवं परिस्थितियों के बीच रहकर जो हिंसा के प्रभाव को निस्तेज कर दें, वही शासन व्यवस्था एवं व्यक्ति की जीवनशैली अपेक्षित है। जो हिंसक परिस्थितियों एवं विवशताएं व्यक्ति की चेतना को तोड़ती एवं बिखेरती है, उन त्रासद स्थितियों से मनुष्य को अनाहत करना एवं बचाना वर्तमान की सबसे बड़ी चुनौती है। 'अहिंसा सव्व भूय खेमंकरी'-अहिंसा सब प्राणियों के लिए क्षेमंकर है, आरोग्यदायिनी और संरक्षक-संपोषक है। भारत में होने वाले अहिंसक प्रयोगों से सम्पूर्ण मानवता आप्लावित होती रही है और अब उन प्रयोगों की अधिक प्रासंगिकता है। तथागत बुद्ध द्वारा प्रतिपादित अहिंसा का सार है करुणा। गीता के अहिंसा सिद्धांत की फलश्रुति है अनासक्ति। ईसामसीह ने जिस विचार को प्रतिष्ठित किया, वह है प्रेम और मैत्री। इसी प्रकार मुहम्मद साहब के उपदेशों का सार है भाईचारा। भगवान महावीर ने संयम प्रधान जीवनशैली के विकास हेतु व्रती-समाज का निर्माण किया। उस व्रती समाज ने अनावश्यक और आक्रामक हिंसा का बहिष्कार किया।

## आज का राशिफल

यह राशिफल जन्म राशि पर आधारित है। व्यक्ति के जन्म के समय चंद्रमा जिस राशि पर थे, वही उसकी जन्म राशि होती है। यदि राशि की जानकारी आपको नहीं है तो अपने नामाक्षर से राशिफल देखें।

**मेष (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ) :** आज भाग्य से कोई नया प्रस्ताव मिल सकता है। सरकारी काम आसानी से बन जाएंगे। अधिकारी सहयोग करेंगे। किसी चैरिटी आदि में धन खर्च करेंगे। मित्रों के साथ पार्टी में जा सकते हैं।

**वृषभ (ई,उ,ए,ओ,वा,वी,वू,वे,वो) :** सुख-सुविधाओं पर खर्च होगा। व्यक्तिगत मामलों में गलतफहमी को जन्म देने वाली कोई बात हो सकती है। परिवार के साथ पार्टी में जा सकते हैं। कोई नया प्रस्ताव यदि आज मिलता है।

**मिथुन (क,की,कू,घ,ङ, छ, के,को, ह) :** कार्यों को मन लगाकर पूरा करेंगे। आपकी बढ़ते प्रभाव से कुछ लोगों को परेशानी हो सकती है। आज की गई मेहनत का पूरा फल नहीं मिलेगा। व्यक्तिगत मामलों को सावधानी से हल करें।

**कर्क (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो) :** किसी योजना का क्रियान्वयन हो जाएगा। अधूरे काम भी किसी न किसी सहयोग से आज पूरे हो जाएंगे। धैर्यपूर्वक निर्णय लेने पड़ेंगे। भाग-दौड़ बनी रहेगी, परंतु यात्रा करना आज ठीक नहीं रहेगा।

**सिंह (मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टू, टे) :** परिवार के बड़े सदस्यों की आज्ञा मान कर चलेंगे तो फायदे में रहेंगे। लाभ के एक से अधिक अवसर सामने होंगे। चाहा गया सहयोग नहीं मिलने से काम खुद ही पूरे करने पड़ेंगे। बड़े भाई से लाभ होगा।

**कन्या (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो) :** आज घर और बाहर दोनों जगह आपके काम की सराहना होगी। काम के घंटे बढ़ जाएंगे अतः पिछले छूटे कामों को पहले पूरा कर लें। अधिकारी वर्ग प्रसन्न रहेगा। विद्यार्थी वर्ग लाभ में रहेगा।

**तुला (रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते) :** आज काम बनने में थोड़ी असुविधा हो सकती है। विरोधियों से सावधान रहना होगा। प्रोपर्टी के खरीदने या बेचने से संबंधी बात हो सकती है। पुराने मित्रों से मुलाकात होने की संभावना है।

**वृश्चिक (तो, ना, नी, नू, ने, नो, या, यी, यू) :** व्यावसायिक कार्यों का विस्तार करने के लिए अतिरिक्त परिश्रम करना पड़ेगा। सहयोग मिल जाने से थोड़ी आसानी हो जाएगी। व्यक्तिगत संबंधों में सौहार्द्र की भावना बढ़ने से मन प्रसन्न होगा।

**धनु (ये, यो, भ, भी, भू, धा, फा, ढा, भे) :** आज का दिन महत्वपूर्ण काम करने के लिए नहीं है। निजी समस्याओं को अपने ऊपर हावी न होने दें। परिवार के साथ समय बिताना आवश्यक है, चाहें तो कहीं आउटिंग के लिए जा सकते हैं।

**मकर (भो, जा, जी, खी, खू, खे, खो, ग, गी) :** आज स्वास्थ्य का ध्यान रखना होगा, परंतु काम फिर भी आसानी से बन जाएंगे। लाभ की कोई नई योजना बनाकर उस पर अमल करेंगे। मित्र विशेष सहयोगी बनकर सामने आएंगे।

**कुंभ (गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो, दा) :** आज घर की बुजुर्ग स्त्री की सलाह काम आएगी, महत्वपूर्ण निर्णय लेते समय उसको नजरअंदाज ना करें। यात्रा करना हित में नहीं रहेगा, बहुत जरूरी हो तो पहले मंदिर जाएं फिर यात्रा करें।

**मीन (दी, दू, थ, झ, ञ, दे, दो, चा, ची) :** आज योग्यता दिखाने का उचित अवसर मिलेगा। लाभ देने वाली छोटी यात्रा की संभावना है। बडी प्रतिस्पर्धा में भी विजयी होंगे। वाहन धीमी गति में चलाएं, अन्य कामों में भी जल्दबाजी ना करें।

# राजनैतिक फिल्मों की सार्थकता



बिहार मतदान के एलान के साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जीवन पर बनी फिल्म आज फिर से चर्चा का विषय बन गयी है क्रबिहार चुनाव में वोटों का रूझान अपने पक्ष में करने के लिए विवेक ओबेरॉय अभिनीत इस फिल्म को मतदान के पूर्व रिलीज करना जहाँ विपक्षी दलों की रातों की नींद खराब किये हुए है वहीं ये सत्ता पक्ष की नीयत पर प्रश्नचिन्ह खड़ा करता है क्रलोकसभा मतदान के समय भी इस फिल्म के ट्रेलर और मधुर संगीत को सभी टी वी चैनलों और अन्य प्रचार तंत्र पर पूरे जोर शोर से प्रसारित किये गए थे क्र लेकिन मतदान समाप्त होते ही राजग द्वितीय के सत्तासीन होते ही इस फिल्म को ठन्डे बक्से में डाल दिया गया क्योंकि इस फिल्म ने बिना रिलीज़ के ही इसके भव्य ट्रेलर और मोहक संगीत ने वो काम कर दिया जो इसके निर्माता को भी यकीन नहीं था क्र हालांकि इस फिल्म का निर्माण मतदान से पूर्व मतदाताओं को प्रभावित करने हेतु ही बनाया गया था क्र किन्तु मतदान के पश्चात उसे रिलीज़ ना करना इसके निर्माता की नियत को संदेह के घेरे में ला देता है क्रयही कारण है कि प्रधानमंत्री मोदी के जीवन काल पर बनी यह फिल्म आज फिर से सुर्खियाँ बटोर रही है क्रयह बात नहीं कि किसी राजनेता पर बनी यह कोई पहली फिल्म नहीं है क्रइससे पूर्व भी 'गांधी' जैसी फिल्म ने विश्व स्तर पर ख्याति प्राप्त की है क्रवहीं 'इंदु सरकार' जैसी फिल्म परोक्ष रूप से एक राजनेता के जीवन पर प्रहार करती दिखाई देती है वहीं लाल बहादुर शास्त्री की रहस्मय मौत पर बनी फिल्म 'ताशकंद फाइल्स' एक बेहतरीन चित्रण एवं खोजपरक फिल्म सिद्ध हुई क्र

आजादी से पूर्व निर्मित राजनीतिक विषय पर बनी फिल्मों ने जहां अंग्रेजों के विरुद्ध जनमत तैयार किया, वहीं आज के दौर में राजनीति पर आधारित फिल्में हिंसा, भ्रष्टाचार व अश्लीलता हो परोस रही है । समर्पण व राष्ट्रभक्ति की भावना का जब असली जिंदगी के नेता में लोप होता जा रहा है तो फिल्मों का नेता कब तक अछूता रह सकता था। वैसे तो भारतीय फिल्मों में राजनीति का आगमन स्वतंत्रता से पूर्व ही आरम्भ हो चुका था पर उस समय की बनी फिल्मों में राजनीति की उपस्थिति कुछ हट कर थी, जिसमें भारतीय संस्कृति व भारतीय इतिहास को ही प्रतिबिंबित किया जाता था। देश के लिए प्राण तक न्यौछावर कर देने वाले चरित्र का प्रस्तुतीकरण ही प्रमुख होता था। जिनमें विशेषतः, 'पृथ्वी राज चौहान', 'वीर शिवाजी', 'रानी लक्ष्मीबाई', 'तांत्या टोपे' इत्यादि पर फिल्में बना राष्ट्र प्रेम की भावना को जन्म दिया गया तथा फिरंगियों के विरुद्ध एक जनमत तैयार हुआ। यदि कुछ फिल्मों में आधुनिक स्वरूप वाले नेता का प्रदर्शन होता भी था तो वह भी स्वतंत्रता आंदोलन में भाग लेने की प्रेरणा भर जाता था।

### विचार बिन्दु

**राजनीति जैसे संवेदनशील विषय को उठाने से पूर्व कुछ मानदंडों को ध्यान में रखना परमावश्यक होता है अन्यथा अर्थ का अनर्थ हो जाता है। यही कारण रहा कि राजेश खन्ना की 'आज का एम.एल.ए.' तथा अमिताभ की ' इंकलाब' बॉक्स ऑफिस पर फ्लाप रहीं। दोनों ही फिल्मों के फ्लॉप होने का प्रमुख कारण कमज़ोर पटकथा रहा। यह ज़रूरी नहीं कि अपने समय के सुपर स्टार ले लेने से भौंडे दृश्यों वाली फिल्म सफल ही हो। जबकि एक अन्य राजनीतिक विषय पर आधारित फिल्म 'प्रतिघात' जो कि बिल्कुल नए कलाकारों को लेकर बनी थी, किन्तु दमदार पटकथा ने फिल्म को सफल बना दिया।**



**मुनीष भाटिया**

उस नेता में समर्पण की भावना तथा अहिंसा के मूल मंत्र पर चलना प्रमुख था।

आज़ादी के पश्चात भी राजनीति पर आधारित फिल्में बनी। शुरुआती दौर में तो इन फिल्मों में नेता की क्रांतिकारी छवि कायम रही। यदि पहली बार कहीं नेता की छवि को बिगाड़ा गया तो मनोज कुमार की फिल्म 'यादगार' में इस फिल्म के गीत 'इक तारा बोले...' ने लोकप्रियता तो प्राप्त की ही, साथ ही भ्रष्ट तंत्र की पोल खोलने का भगीरथ प्रयास भी किया इस गीत में नेता को भ्रष्ट, राष्ट्रदोही इत्यादि की संज्ञाएं दे, व्यवस्था की पोल खोल कर रख दी गई। इस फिल्म के बाद तो राजनीतिक फिल्मों में नेता की इस छवि को दिखाने की होड़ शुरू हो गई। जिनमें से कुछेक फिल्में ऐसी रही जिनमें राजनीतिक छल प्रपंच और सामाजिक विषमताओं के सत्य को ईमानदारी से चित्रपट पर उतारा गया और परिणामतः दर्शकों के अंतर्मन तक को झकझोर कर रख दिया। 'लीडर ', 'आक्रमण', 'नया दौर ', ' हम हिन्दुस्तानी' इत्यादि इसी श्रृंखला की फिल्में रहीं।

राजनीति व नेता का चित्रण करने की परिपाटी पर चलते हुए हर दूसरे निर्माता द्वारा राजनीति को फिल्म में डालना और सामाजिक विषमताओं को जोड़ना प्रमुख हो गया। हर दूसरी फिल्म में एक भ्रष्ट नेता व भ्रष्ट पुलिस इंस्पैक्टर तथा ईमानदार पुलिस अधिकारी के टकराव का चित्रण मुख्य विषय हो गया और उस पर असामयिक दृश्य तथा अश्लीलता का मिश्रण सफलता की गारंटी समझा जाने लगा लेकिन ऐसी फिल्में न केवल असफल रहीं अपितु औंधे मुंह जा गिरी, क्योंकि ऐसी फिल्मों में अहिंसक मूल्यों और राष्ट्र प्रेम की भावना का दूर तक कोई रिश्ता न रहा। इन राजनीतिक विषय प्रधान फिल्मों की असफलता का एक अन्य कारण कमज़ोर पटकथा

व घटिया दर्जे के संवाद तथा भौंडे दृश्य भी रहे।

राजनीति जैसे संवेदनशील विषय को उठाने से पूर्व कुछ मानदंडों को ध्यान में रखना परमावश्यक होता है अन्यथा अर्थ का अनर्थ हो जाता है। यही कारण रहा कि राजेश खन्ना की 'आज का एम.एल.ए.' तथा अमिताभ की ' इंकलाब' बॉक्स ऑफिस पर फ्लाप रहीं। दोनों ही फिल्मों के फ्लॉप होने का प्रमुख कारण कमज़ोर पटकथा रहा। यह ज़रूरी नहीं कि अपने समय के सुपर स्टार ले लेने से भौंडे दृश्यों वाली फिल्म सफल ही हो। जबकि एक अन्य राजनीतिक विषय पर आधारित फिल्म 'प्रतिघात' जो कि बिल्कुल नए कलाकारों को लेकर बनी थी, किन्तु दमदार पटकथा ने फिल्म को सफल बना दिया। 'सारांश', 'सरकार', 'आरक्षण','बाटला हाउस' जैसी राजनैतिक और संवेदनशील विषय वाली फिल्मों ने जहां समाज का सही राजनैतिक चित्रण प्रस्तुत किया वहीं कुछ फिल्मों में सैंसर बोर्ड की भूमिका भी कुछ संतोषजनक नहीं रही। सैंसर बोर्ड की अनावश्यक रूप से काट-छांट ने भी ऐसी फिल्मों को असफल बना दिया। फिल्म 'किस्सा कुर्सी का' जो कि भ्रष्ट नेता व नेता के नैतिक चरित्र का स्पष्ट चित्रण करती थी, उस पर न केवल सैंसर बोर्ड की कैंची चली अपितु इस फिल्म की सारी क़ापियां ही जला दी गईं। वैसे भी इस फिल्म को पास करने में बोर्ड की भूमिका असंतोषजनक रही। कहां तो सैंसर बोर्ड से अश्लील व दो-मुंहे संवाद वाली फिल्में निकल जाती हैं और कहां समाज की आंखें खोल करे रखने वाली फिल्मों को दर्शकों तक पहुंचने ही नहीं दिया जाता। 'न्यू दिल्ली टाइम्स' फिल्म के साथ भी सैंसर का बर्ताव आपत्तिजनक रहा तथा फिल्म 'सुर्खियां में भी अनावश्यक काट-छाट करे, रसहीन बना दिया। ऐसी ही कई फिल्में है जिन्हें दर्शकों तक पहुंचने से पहले ही काट लिया गया। हालांकि कालान्तर में सैंसर ने थोड़ा लोचशील रवैया अपनाया तथा ऐसी कई फिल्में आई जिनमें नेता के वास्तविक चरित्र को सरेआम दिखाया गया तथा नेता के चरित्र की खिल्ली उड़ाई गई। जिनमें 'सरहद', 'रोज़ा', 'फूल बने अंगारे' को कुछ सफलता मिली।

इस तरह देखा जाए तो राजनीति के वास्तविक स्वरूप के साथ-साथ अच्छी पटकथा व मधुर संगीत, जहां फिल्म को बुलंदियों तक पहुंचा देता है, वहीं कमज़ोर पटकथा व अनावश्यक अश्लीलता फिल्म की असफलता का कारण बनती है। इसी के साथ यह भी ज़रूरी है कि सैंसर बोर्ड ऐसी फिल्मों को बिना काटे दर्शकों तक पहुंचाएं व लोचशील रवैया अपनाएं हालांकि राजनीतिक फिल्में भले ही राजनीति में ईमानदारी व समर्पण की भावना न ला पाएं किन्तु इतना निश्चित है कि ये उदासीन जनता को विचलित कर देने की क्षमता अवश्य रखती है।

# पद्मनाभ द्वादशी व्रत से मिलता है मनोवांछित फल



आश्विन मास की द्वादशी को पद्मनाभ द्वादशी कहा जाता है। इस द्वादशी को भगवान विष्णु के पद्मनाभ रूप की पूजा की जाती है। इस द्वादशी का हिन्दू धर्म में खास महत्व है तो आइए हम आपको पद्मनाभ द्वादशी के बारे में बताते हैं। पद्मनाभ द्वादशी के दिन भगवान पद्मनाभ की पूजा की जाती है। इस दिन भगवान जागृतावस्था प्राप्त करने हेतु अंगडाई लेते है तथा पद्मासीन ब्रह्याङ्क ऊँकारह्ल ध्वति करते हैं। एक घट स्थापित कर उसमें पद्मनाभ (विष्णु) की एक स्वर्ण प्रतिमा डालें। चन्दन लेप, पुष्पों आदि से भगवान की प्रतिमा को पूजें। इससे भक्त को लाभ मिलेगा।

इस वर्ष पद्मनाभ द्वादशी गुरुवार को पड़ रही है। गुरुवार के दिन पद्मनाभ द्वादशी व्रत होने से इसका प्रभाव बढ़ जाता है। भगवान विष्णु के पद्मनाभ स्वरूप की पूजा करने से उनकी कृपा के साथ मां लक्ष्मी भी आशीर्वाद देती हैं। इस दिन व्रत रखने से न केवल यश तथा धन की प्राप्ति होती है बल्कि जीवन में धन का कभी अभाव नहीं रहता है। पद्मनाभ द्वादशी पापांकुशा एकादशी के अगले दिन मनायी जाती है। यह आश्विन मास के शुक्ल पक्ष के बारहवें दिन मनाया जाता है। ऐसी मान्यता है कि पद्मनाभ द्वादशी व्रत का पालन करने वाले भक्तों को जीवन भर समृद्धि प्राप्त होती है और मोक्ष मिलता है। साथ ही एकादशी तथा पद्मनाभ द्वादशी के व्रत से व्यक्ति को जन्म-मरण चक्र से छुटाकारा मिल जाता है और वह इस संसार से मुक्त हो जाता है। पद्मनाभ द्वादशी को बहुत शुभ माना जाता है। यदि आप अपना बिजनेस शुरू करना चाहते हैं। तो यह दिन बहुत खास रहेगा। पद्मनाभ द्वादशी के दिन किया गया कोई काम अच्छा परिणाम प्राप्त करता है। इसके अलावा किसी यात्रा का प्रारम्भ करने के लिए भी इस दिन का विशेष महत्व है। यही नहीं जो भी भक्त आध्यात्मिक ज्ञान और सांसारिक सुख चाहते हैं वे इस दिन विशेष अर्चना कर सकते हैं। भगवान विष्णु के भक्त इस संसार को निरर्थक नहीं मानते बल्कि यहां खुशहाल जीव चाहते हैं। इस प्रकार भगवान पद्मनाभ की अर्चना से न केवल सांसारिक सुख में वृद्धि होगी बल्कि आध्यात्मिक उन्नति भी होगी। द्वादशी के दिन प्रातः उठकर पवित्रता से स्नान कर स्वच्छ कपड़े पहने तथा मन से व्रत का संकल्प लें। उसके बाद भगवान पद्मनाभ को क्षीर से स्नान करा कर भाग अर्पित करें। उसके बाद धूप, दीप, चंदन और नैवेद्य से आरती करें। साथ ही विष्णु सहस्त्रनाम का पाठ करें। पूजा के बाद ब्राह्मणों को भोजन करा दान दें। इस प्रकार पदमनाभ द्वादशी का व्रत करने से मनोवांछित फल की प्राप्ति होती है। इस बात का ध्यान रखें कि पद्मनाभ द्वादशी के दिन शेष नाग पर बैठे भगवान की पूजा करें। इसके अलावा धूप, दीप, नैवेद्य के साथ ही भगवान को गुड़ का भोग जरूर लगाएं। विष्णु भगवान को गुड़ बहुत प्रिय है इसलिए पूजन सामग्री में गुड़ जरूर रखें। साथ ही इस केले के पेड़ की पूजा कर उसमें धूप और दीप से आरती करें। इससे भगवान विष्णु प्रसन्न होते हैं।

## दास्तां-ए-गरीब

उम्मीदों से भरा जहन में एक अरमान है
मगर कर दे हक़ीक़त कहां ऐसा इंसान है।
बहुत सजाए है मैने इस जिंदगी में ख़्वाब तो
मगर कर दे हक़ीक़त कहां ऐसा फरमान है।।
जरा-सा ख़्वाब क्या देखा निशाना बन गया
थोड़ी ठोकर क्या खाई मुसाफ़िर बन गया।
रह जाने दो मुझे मेरी बस्ती मैं कुछ वक़्त और
इतना बुरा नहीं हूं अब क्या अपराधी बन गया।।
धनवानों के साथ मुझे तराजू पर तोला
ग़रीबी ही तेरी वास्तविक्ता है उन्होंने बोला।
ख्वाहिशें छोड़कर जरुरत की गली से मुड़ा
उन्हें क्या मालूम किस कदर कांटो पर चला।।
नम चश्म लिए अंधेरी रात बिताया करता हूं
परिवार भरपेट खाये यही फरियाद करता हूं।
कोई फरिश्ता आएगा मदद के लिए इस बार
हर रोज इसी फिराक में रात गुज़ारा करता हूं।।
कुछ कर गुजरने की औकात तो बहुत थी मेरी
सबसे लड़ा मगर फिर इस जमाने ने ले ली मेरी।
खोया बहुत है मैने इस संसार के मायाजाल में
मगर अब जो है उसी का शुक्रिया करती है रूह मेरी।।
सफर जिंदगी का मुझे अब कठिन-सा लगता है
हर तरफ हर कोई यहां मुझे पराया-सा लगता है।
परख कर भेजा कर तेरे इंसान को ऐ मेरे खुदा
थोड़े उपकार के बाद ही मुझसे हिसाब मांगता है।।
जहन में समेटता रहता हूं वो दर्द की नज़्म पुरानी
झोली में कभी-कभी ही बिखेरते है फरिश्ते रोशनी।
जद्दोजहद इस बेरहम जिंदगी से बहुत हुई 'कुम्भज'
स्याही से लिख डाल मेरे बीते संघर्ष की कहानी।।



# ऐसे तो महंगा पड़ जाएगा 'फ्री' का हरी मिर्च और धनिया

### विचार बिन्दु



**सुशील कुमार 'नवीन'**

**जब काम 10 हजार की वाशिंग मशीन और 10 हजार की एलईडी से चल रहा है तो ऐसा ऑफर लेना तो मूर्खता ही है। मैंने कहा-ये ऑफर का गणित मेरे समझ में नहीं आया।**

सुबह-सुबह घर के आगे बैठ अखबार की सुर्खियां पढ़ रहा था। इसी दौरान हमारे एक पड़ोसी धनीराम जी का आना हो गया। मिलनसार प्रवृत्ति के धनीराम जी शासकीय कर्मचारी हैं। हर किसी को अपना बनाते वे देर नहीं लगाते हैं। रेहड़ी-खोमचे वाले से लेकर जिसे भी इनके घर के आगे से गुजरना हो, इनकी राम-राम और बदले में राम-राम देना बेहद टोल टैक्स अदा करने जैसा जरूरी होता है। यही वजह है कि मोहल्ले में वो धनीराम के नाम से कम और राम-राम के नाम से ज्यादा प्रसिद्ध हैं। इनकी राम-राम से जुड़ा एक मजेदार किस्सा फिर किसी लेख के संदर्भ में सुनाऊंगा। आज तो आप वतर्मान का ही मजा लें।

पास आने पर आज उनके कहने से पहले ही हमने राम-राम बोल दिया। मुस्कराकर उन्होंने भी राम-राम से जवाब दिया। घर-परिवार की कुशलक्षेम पूछने के बाद मैंने यों ही पूछ लिया कि आज सुबह-सुबह थैले में क्या भर लाए। बोले-थैले में नीरी राम-राम हैं। कहो, तो कुछ तुम्हें भी दे दूं। मैंने भी हंसकर कहा -क्या बात, आज तो मजाकिया मूड में हो। बोले-कई बार आदमी का स्वभाव ही उसके मजे ले लेता है। मेरे मन में भी उत्सुकता जाग गई कि मिलनसार स्वभाव वाले धनीराम जी के साथ ऐसा क्या हो गया कि वो अपने इसी स्वभाव को ही मजाक का कारण मान रहे हैं। पूछने पर बोले-आज का अखबार पढ़ा है। नहीं पढा हो तो पढ़ लो। बिल्कुल आज मेरे साथ वैसा ही हुआ है। मैंने कहा-घुमाफिरा कर कहने की जगह आज तो आप सीधा समझाओ। बोले-सुबह आज तुम्हारी भाभी ने सब्जी लाने को मंडी भेज दिया। वहां एक जानकार सब्जी वाला मिल गया। राम-राम होने के बाद अब दूसरी जगह तो जाना बनना ही नहीं था। जानकार निकला तो मोलभाव भी नहीं होना था। उसी से सौ रुपये की सब्जी ले ली।

धनिया-मिर्च उसके पास नहीं था। दूसरे दुकानदार के पास गया तो बोला-सब्जी खरीदो, तभी मिलेगा। अब धनिया-मिर्ची के चक्कर में उससे भी वो सब्जी खरीदनी पड़ गई, जिसकी जरूरत ही नही थी। फ्री के धनिया-मिर्च के चक्कर में सुबह-सुबह पचास रुपये की फटाक बेवजह लग गई। मैंने कहा-कोई बात नहीं सब्जी ही है,काम आ जाएगी। बोले-बात तुम्हारी सही है, आलू,प्याज उसके पास होते तो कोई दिक्कत नहीं थी। पर उसके पास भी पालक, सरसों ही थे। जो पहले ही ले रखे थे। अब एक टाइम की सब्जी तो खराब होनी ही होनी। पहले वाले से राम-राम नहीं की होती तो दूसरे से ही सब्जी खरीद लेता।

नुकसान तो नहीं होता। मैंने कहा-चलो, राम-राम वाली पालक-सरसों मेरे पास छोड़ जाओ।हंसकर बोले-आप भी राम-राम के ऑफर की चपेट में आ ही गए। मैंने कहा-मुझे तो वैसे भी आज ये लानी ही थी। आप तो ये बताओ कि अखबार की कौन सी खबर का ये उदाहरण था। बोले-खजाना मंत्री ने कर्मचारियों को आज दो तोहफ़े दिए। दोनों फ्री के धनिया-मिर्च जैसे हैं। पर इन्हें लेने के लिए महंगे भाव के गोभी-कदू लेने पड़ेंगे। बिना इन्हें खरीदे ये नहीं मिलेंगे। मैंने कहा-आपकी बात समझ में नहीं आई। बोले-कर्मचारियों को चार साल में एक बार एलटीसी मिलती है। अब तक एक माह के वेतन के बराबर एलटीसी मिलती थी। अब कह रहे हैं तीन गुना खर्च करोगे तो पूरी राशि मिलेगी। खर्च भी जीएसटी लगे उत्पादों पर करना होगा। अब ये बताओ ऐसा कौन होगा जो 10 हजार के फ्री ओवन के चक्कर में 40 हजार की वाशिंग मशीन खरीदेगा। या डीटीएच फ्री सर्विस के लिए 30हजार की एलईडी खरीद अपना बजट बिगाड़ेगा।

जब काम 10 हजार की वाशिंग मशीन और 10 हजार की एलईडी से चल रहा है तो ऐसा ऑफर लेना तो मूर्खता ही है। मैंने कहा-ये ऑफर का गणित मेरे समझ में नहीं आया। बोले- दो दिन रूक जाओ, सारे कर्मचारी बिलबिलाते देखोगे। महानुभाव, फ़ेस्टिवल ऑफर का नुकसान का आकलन हमेशा खरीद के समय नहीं, बाद में होता है। पालक-सरसों के रुपये जब देने लगा तो बोले-ये भाईचारे का ऑफर है, फ़ेस्टिवल का नहीं। यह कह हंसकर निकल लिए। मुझे भी उनकी बात में गम्भीरता लगी। ऐसे तो महंगा पड़ जाएगा, ये फ्री का मिर्च और धनिया। भला 100 रुपये की शर्त जीतने के चक्कर में पांच सौ का नोट फाड़कर थोड़े ही दिखाएंगे।

# शाकाहार
## शतम् जीवेत् सुखम् जीवेत्

हैल्थ संवाददाता

स्वास्थ्य ही धन है, ऐसे में आप किस तरह के आहार का सेवन करते हैं, उसपर आपका स्वास्थ्य निर्भर करता है। शाकाहारी भोजन आपको न केवल स्वस्थ रखता है, बल्कि कई गंभीर बीमारियों से बचाता है। शाकाहारी भोजन के सेवन से स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रभावों के विभिन्न पहलुओं की पड़ताल करता आलेख। सच में यह कहा जाये, तो बिल्कुल गलत नहीं होगा, कि व्यक्ति का शरीर केवल शाकाहार भोजन खाने के लिए बना है। शाकाहार में शरीर के लिए जरूरी आयरन, प्रोटीन, फैट्स, विटामिन्स आदि होते हैं। लेकिन लोगों को यह लगता है कि नॉनवेज में प्रोटीन ज्यादा होता है, इसलिए नॉनवेज खाना चाहिए, लेकिन यह सही नहीं है। शाकाहार के सेवन से भी प्रोटीन की जरूरत को पूरा किया जा सकता है।

### संतृप्त वसा व कोलेस्ट्रॉल की मात्रा कम



शाकाहारी भोजन में रेशे यानी फाइबर बहुतायत में पाये जाते हैं। इसमें विटामिन व लवणों की मात्र भी अपेक्षाकृत ज्यादा होती है। शाकाहारी भोजन में पानी की मात्र भी ज्यादा होती है, जिससे मोटापा कम होता है। मांसाहार की तुलना में शाकाहारी भोजन में संतृप्त वसा व कोलेस्ट्रॉल की मात्र कम होती है, जिससे यह हृदय रोगों की आशंका को कम करता है। अनाज, फली, फल व सब्जियों में रेशे व एंटीऑक्सीडेंट ज्यादा होते हैं, जो कैंसर जैसी खतरनाक बीमारी को दूर रखने में सहायक होते हैं।

### शाक से मिलता है प्रोटीन



शाकाहारी होना कतई हानिकारक नहीं है। मांसाहारियों को शरीर के लिए जरूरी तत्व जो मांस से मिलते हैं, वही जरूरी तत्व शाकाहारियों को कई प्रकार के शाक से मिलते हैं। प्रोटीन जो मछली, मांस और अंडे से प्राप्त होता है, वह वनस्पति से भी प्राप्त होता है।

### बनो शाकाहारी हो जाओ दीर्घायु

मानव शरीर के कार्य करने के लिए ऐसा कोई पौष्टिक व जरूरी तत्व नहीं है, जो वनस्पतियों से प्राप्त नहीं किया जा सकता। फोलेट के अत्यधिक मात्र में होने के कारण और न्यून मात्र में सैचुरेटेड फैट, कोलेस्ट्रॉल व एनिमल प्रोटीन मात्र के कारण शाकाहारी भोजन हमें खतरनाक और सामान्य रोगों से बचाता है।

### कौन सा विटामिन पाएं कहां से



**विटामिन 'ए':** (1) हरी सब्जियां (2) मक्खन (3) क्रीम (4) गाय का दूध (5) काडलिवर आयल

**विटामिन बी 1:** (1) गेहूं (2) ताजे मटर (3) अंकुरित बीज (4) सेम (5) खमीर आदि।

**विटामिन बी2:** (1) अंडा (2) टमाटर (3) दूध (4) खुमानी (5) हरी सब्जियां।

**विटामिन बी 6:** (1) अनाज के दाने (2) मछली (3) मांस (4) खमीर (5) चावल (6) फलियां

**विटामिन बी 12:** (1) हरी सब्जियां (2) दालें (4) अनाज (5) खमीर आदि।

**विटामिन सी:** (1) बंदगोभी (2) शलगम (3) सादे रसदार फल (4) टमाटर (5) नींबू आदि।

**विटामिन- डी:** (1) दूध (2) काड लिवर आयल (3) पनीर (4) घी (5) मक्खन

**विटामिन ई:** (1) गेहूं के अंकुर (2) पालक (3) हरी सब्जियां (4) बंदगोभी (5) टमाटर आदि।

### किसके लिये कौन सा विटामिन है फायदेमंद

- हमें आंखों के लिये विटामिन 'ए' तथा 'सी' की आवश्यकता है।
- मसूड़ों तथा दांतों की मजबूती के लिये विटामिन सी चाहिए।
- पाचन शक्ति बढ़ाने तथा हृदय को मजबूत करने के लिए विटामिन बी चाहिए।
- फेफड़ों की प्रतिरोधक शक्ति बढ़ाने के लिये विटामिन 'डी' की आवश्यकता होती है।
- बार-बार खांसी जुकाम हो तो विटामिन 'ए' लीजिए।
- पिण्डलियों का भारीपन तथा पांव का दर्द दूर करने के लिये विटामिन 'बी' चाहिए।
- खून की कमजोरी दूर करने के लिये विटामिन सी की आवश्यकता होती है।
- शरीर की हड्डियां टेढ़ी-मेढ़ी न हों, इसके लिए विटामिन 'डी' का सेवन करें।



**1977 से अमेरिका में विश्व शाकाहार दिवस मनाने की शुरूआत की**

**शाकाहारी भोजन में संतृप्त वसा और कोलेस्ट्रॉल की मात्रा कम होती है।**

# शाकाहार पूर्ण पौष्टिक भोजन है

हैल्थ संवाददाता

आज की भौतिक दौड़ में हमने अपने खान-पान को भुला दिया है। आज कई लोग मांसाहारी हो गये हैं। संभवत: यही कारण है कि नयी-नयी बीमारियों का जन्म हो गया है। हमारा शरीर प्राकॉतिक तत्वों से मिलकर बना है। अत: मनुष्य को वही जन करना चाहिए, जिसमें सात्विक गुण हो, क्योंकि शरीर किसी बाह्य तत्व का बोझ सहन नहीं कर सकता। अब हमारा पौष्टिक भोजन क्या हो? विशेषज्ञों के अनुसार शाकाहार ही पौष्टिक भोजन है।



शाकाहारी भोजन में उचित मात्रा में शक्तिवर्ध्दक तत्व होते हैं। शाकाहारी भोजन स्वस्थ, सबल और दीर्घायु बनाता है,जबकि मांसाहारी व्याधियों से घिरसे होते हैं। शाकाहार के संबंध में अनेक शोध भी होचुके हैं। इसका परिणाम स्वास्थ्य के लिए सकारात्मक ही पाया गया है। शाकाहारी मांसाहारियों की अपेक्षा सहनशील, शक्तिशाली और परिश्रमी होते हैं। इसके अलावा शाकाहारी भोजन का रासायनिक विश्लेषण मांसाहारी भोजन से कई मायनों में अधिक होता है। जैसे प्रति सौ ग्राम अंडों का विश्लेषण करने पर 13.3 प्रतिशत प्रोटीन, 0 प्रतिशत कार्बोहाइड्रेट्स, 13.3 फैट, 0 प्रतिशत फाइबर, 1.0 प्रतिशत मिनरल्स व 173 कैलोरी ऊर्जा प्राप्त होती है, जबकि प्रति सौ ग्राम सोयाबीन से 43.3 प्रतिशत प्रोटीन, 20.9 प्रतिशत कार्बोहाइड्रेट्स, 19.5 प्रतिशत फैट, 3.7 प्रतिशत फाइबर, 4.6 प्रतिशत मिनरल्स और 432 कैलोरी ऊर्जा प्राप्त होती है। ऐसे प्रति सौ ग्राम बकरे का मांस 21.4 प्रतिशत प्रोटीन, 0 प्रतिशत कार्बोहाइड्रेट्स, 23.6 प्रतिशत फैट, 0 प्रतिशत फाइबर, 1.1 प्रतिशत मिनरल्स, 118 कैलोरी ऊर्जा रखता है, जबकि प्रति सौ ग्राम मोट से 23.6 प्रतिशत प्रोटीन, 56.5 प्रतिशत कार्बोहाइड्रेट, 1.1 प्रतिशत फैट, 4.5 प्रतिशत फाइबर और 330 कैलोरी ऊर्जा प्राप्त होती है।

### मछली में है प्रचूर मात्रा में प्रोटिन

इसी प्रकार मछली की अनेक किस्मों में प्रति सौ भाग रासायनिक पौष्टिकता इस प्रकार है- प्रोटीन 8.9 से 76.1 प्रतिशत, फाइबर 0 प्रतिशत, मिनरल्स 0 से 27.5 प्रतिशत और ऊर्जा 59 से 413 कैलोरीज, जबकि मूंगफली व तरबूज के सौ ग्राम बीजों की पोषकता यूं हैं- 26.2 से 34.1 प्रतिशत प्रोटीन, 26.7 से 45 प्रतिशत कार्बोहाइड्रेट्स, 39.8 से लेकर 52.6 प्रतिशत फैट, 0.8 से लेकर 3.1 प्रतिशत फाइबर, 1.6 से लेकर 25 प्रतिशत मिनरल्स और 470 से लेकर 628 कैलोरी ऊर्जा।

### हरी सब्जियां में है विटामिन्स की खान

अब देखें फाइबर मांस में बिल्कुल नहीं है, जबकि रोगों से लड़ने की ताकत यही जुटाता है। इसके विपरीत हर शाकाहारी भोजन में फाइबर की उपस्थिति निश्चित है। इसके अतिरिक्त हरी सब्जियां तो विटामिन्स की खान है अगर कुछ विटामिन्स रह भी जाएं तो इसकी पूर्ति, दूध, दही व मक्खन से की जा सकती है। शाकाहार के संबंध में अमेरिका में हुए एक अध्ययन से पता चला है कि जो अमेरिका महिलाएं शाकाहारी होते हैं उन्हें छाती का कैंसर कभी न होने की संभावना होती है। शाकाहार में अंगूर, पपीते व हरी पत्तेदार सब्जियों का सेवन करने वालों को भोजन नली का कैंसर बहुत कम होने का खतरा रहता है। शाकाहार के संबंध में जर्मनी की इंस्टीट्यूट आफ सोशियल मेडिसन एंड एपिडेमिचोलोजी द्वारा भी सर्वेक्षण किये जा चुके हैं।

### शाकाहार से रक्तचाप रहता है सामान्य

इस संस्था के शोधकर्ताओं का मानना है कि शाकाहारियों के रक्त में यूरिक एसिड का मात्रा कम होती है। इससे रक्तचाप सामान्य रहता है, जबकि मांसाहारियों में इसकी अधिकता पायी जाती है। शाकाहार के बारे में कुछ जाने-माने सितारों का भी मत सकारात्मक है।

### विश्व प्रसिद्ध शाकाहारी

विश्व के प्रसिध्द महापुरुष शाकाहारी थे, जिनमें सर आईजक न्यूटन, टॉलस्टाय, मिल्टन, अरस्तु, बर्नार्ड शा आदि के नाम प्रमुख हैं। शाकाहार ने ही उनके बंद ज्ञान की पंखुड़ियों को खोलने में मदद की। महान वैज्ञानिक एलबर्ट आइन्सटाईन का कथन आज भी सत्य है। शाकाहार का हमारी प्रकृति पर गहरा प्रभाव पड़ता है। इससे तो इंसान का भाग्य पलट सकता है। कैंसर एंड अदर डिसीज फ्राम मीट कन्जंम्पशन पुस्तक के लेखक लियोनार्डो ब्लानचे ने कैंसर के अनेक मरीजों का इलाज किया है। उन्होंने पाया कि कुल संख्या का एक तिहाई भाग जिस कैंसर से पीड़ित मिला है, वह पेट का कैंसर ही था। उनके अनुसार, पेट में पूरी तरह न पचने राले खाद्य पदार्थों से ऐसा संभव हुआ है। मांस ऐसा भोजन है जो देर से पचता है, जबकि शाकाहार करने वाले ऐसी शिकायतें कम करते हैं।

### शाकाहार, मांसाहार की अपेक्षा अधिक सस्ता

आर्थिक दृष्टि से शाकाहार, मांसाहार की अपेक्षा अधिक सस्ता पड़ता है। शाकाहारी भोजन चाहे जितना ही भारी हो, लेकिन मांस से पहले पचता है। यह भूख को पूर्ण रूप से तृप्त करता है। इससे मोटापा आने के आसार बहुत कम होते हैं। शाकाहारी के शरीर में रक्त के संचार की गति तेज होती है। शाकाहार की महत्ता को गास्पल आफ जीसस क्राइस्ट में भी बताया गया है कि यदि तुम शाकाहारी भोजन को नियमित अपनाओगे तो तुम्हें नया जीवन व शक्ति मिलेगी।

मांसाहारी जिन मांस को खाते हैं, वह न जाने कैसे पशुओं का होता हैं। शहर में घूमते इन आवारा पशुओं को अनेक बीमारियां घेरे रहती हैं। जब इन्हें काटा जाता है तो क्या इनके शरीर की जांच की जाती है?

### मांसाहार मानव शरीर को करता विकृत

मांसाहार अवश्य ही मानव शरीर को विकृत करता है। शाकाहार वास्तव में मनुष्य के मन और शरीर को सुदृढ़ बनाता है। अत: निष्कर्ष के तौर पर कहा जा सकता है कि हर हाल में शाकाहार मांसाहार की अपेक्षा अत्यन्त लाभदायक होता है, फिर मनुष्य को प्रकृति में रहने की आदत है तो उसी के अनुरूप आचरण भी करना चाहिए।

### लहसुन उच्च रक्तचाप में राहत देता है

लहसुन सर्दियों से दुनिया भर में अनेक लोगों के भोजन का अंग रहा है, जो लोग इसे पसंद करते हैं, उनका कहना है कि लहसून से खाने का मजा बढ़ जाता है, लेकिन दुनिया के कई समाज इसे खाना अच्छा नहीं समझते, शायद तीखी गंध के कारण। आयुर्वेद में लहसुन का गुण-गान किया गया है। अब तो आधुनिक चिकित्सा पध्दति के विशेषज्ञ भी कई बीमारियों में इसे कारगर मानने लगे हैं। दमा, बहरेपन, खांसी-जुकाम, पेट में कीड़े आदि में लहसुन लेने की सलाह दी जाती है। छाती के रोगों में और सर्दी लग जाने पर लहसुन की दूध में उबाल कर लेना चाहिए। तपेदिक के मरीजों के लिए भी लहसुन बहुत मुफीद है। लहसुन की कली को पीसकर 250 ग्राम दूध में धीमी आंच पर उबालिये। एक चौथाई दूध रह जाने पर यह दवा बन जाएगी। इसे दिन में तीन बार लेना चाहिए। सुबह-सबेरे खाली पेट लहसुन की एक-दो कलियों को जरा-सा कूट कर पानी में निगल जाइए। उच्च रक्तचाप और पेट की बीमारियों में फायदा होगा। आंतों में जमा विषैला तत्व नष्ट हो जाता है।

लहसुन का सबसे बड़ा अवगुण इसकी बू है। जो लोग लहसुन नहीं ले सकते, वे लहसुन के कैप्सूल ले सकते हैं, जो बाजार में उपलब्ध हैं। लहसुन गुणों का भंडार है, लेकिन कुछ लोगों को नुकसान कर सकता है। इसकी तासीर गर्म होती है। जिनकी पाचन शक्ति कुछ ज्यादा ही गड़बड़ हो, गर्म चीजें खाने से जिनको तकलीफ बढ़ जाती है, उन्हें लहसुन से परहेज करना चाहिए।



## कैंसर को दूर रखने के लिए शाकाहार अपनायें

कई अध्ययनों से पता चला है कि शाकाहारी लोगों की रोग प्रतिरोधक क्षमता मांस खाने वाले लोगों की तुलना में मजबूत होती है। वहीं शाकाहारी लोगों को दिल से जुड़ी बीमारियां, कैंसर और मोटापा जैसी बीमारियां भी कम होती हैं। मांस, अंडे और डेयरी उत्पाद छोड़ देने से कम वसा, कम कोलेस्ट्राल और बहुत पौष्टिक खाना मिलता है। तो चलिये विस्तार से जानें कि शाकाहार कैसे हमें कैंसर व अन्य घातक बीमारियों से दूर रख सकता है।

### पौष्टिकता का खजाना है शाकाहार

शाकाहारी भोजन मनुष्य को फ्लू जैसी रोजमर्रा की बीमारियों के साथ कैंसर जैसी घातक बीमारियों को दूर रखने में मदद करता है। एक सर्वे के दौरान मिले तथ्यों के मुताबिक जानकार बताते है कि शरीर के लिए शाकाहारी खाना सबसे अच्छा है। मांस, अंडे और डेयरी उत्पाद छोड़ देने से कम वसा, कम कोलेस्ट्राल और बहुत पौष्टिक खाना मिलता है। सर्वे के मुताबिक शाकाहारी खाने में कोलेस्ट्राल नहीं होता और वसा भी कम होती है और यह कैंसर के खतरे को 40 फीसद कम करता है। शाकाहारी खाने में सोया दूध, अनाज, फल, सब्जियां, बादाम और जूस हमारी रोजमर्रा की विटामिन, कैल्शियम, फोलिक एसिड, प्रोटीन की जरूरतों को पूरा कर सकते हैं। जानकारों का मानना है कि शाकाहारी लोग फ्लू जैसी रोजमर्रा की बीमारियों से जल्दी प्रभावित नहीं होते हैं। मांसाहारी लोगों को शाकाहारी खाना खाने वालों की तुलना में मोटे होने का खतरा नौ गुना ज्यादा होता है।



# जारी हुआ वरुण-सामंथा की सीरीज का नया पोस्टर...

**मुंबई।** वरुण धवन और सामंधा रुथ प्रभु की आगामी सीरीज का बेसब्री से इंतजार कर रहे फैंस के लिए खुशखबरी है, 'सिटाडेल: हनी बन्नी' के रिलीज डेट से पर्दा उठ गया है। दोनों अपनी आगामी सीरीज में जासूस के किरदार में नजर आने वाले हैं। बीते दिनों ही फिल्म के ट्रेलर रिलीज की जानकारी देते हुए बताया गया था कि इसका ट्रेलर 15 अक्टूबर को रिलीज होगा। सोमवार को अमेजन प्राइम वीडियो ने एक नया पोस्टर जारी करते हुए सीरीज के रिलीज डेट को लेकर जानकारी दी है। एक्शन से भरपूर होने का वादा करने वाली यह सीरीज 7 नवंबर से प्राइम वीडियो पर प्रीमियर होगी। प्रशंसक यह देखने के लिए उत्सुक हैं कि यह हाई-ऑक्टेन थ्रिलर कैसे सामने आता है।

लाइफ Style

# कृति

## ऑडिशन में 10 एक्टर को किया रिजेक्ट

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

कृति सेनन की अपकमिंग फिल्म 'दो पत्ती'का ट्रेलर रिलीज हो गया है। काजोल संग कृति सेनन इस फिल्म में कभी न देखे गए अंदाज में नजर आने वाली हैं। कृति अपनी इस अपकमिंग फिल्म में डबल रोल में नजर आएंगी। 'दो पत्ती'में उन्होंने एक्टिंग के साथ ही इसे प्रोड्यूस भी किया है।

फिल्म की राइटर कनिका ढिल्लों ने बताया कि एक्ट्रेस ने 'ध्रुव'के रोल के लिए कम से कम 10 लोगों के ऑडिशन के बाद टीवी एक्टर शाहीर शेख को सेलेक्ट किया। कनिका ढिल्लों कहती हैं, 'कृति फिल्म की निर्माता के तौर पर इसमें पूरी तरह से शामिल थीं। उन्होंने सभी ऑडिशन खुद ही किए थे। उन्होंने कहा लास्ट 10 राउंड मैं खुद ही ऑडिशन लूंगी। वो खुद जाकर सबके ऑडिशन लेती थीं। आधे लोग ये सोचकर घबरा जाते थे कि कृति ऑडिशन लेने आई हैं'। कनिका ढिल्लों के मुताबिक कृति ने उनसे कहा था कि फिल्म के लिए बहुत जरूरी है कि उन्हें सही ध्रुव मिले। कृति सेनन ने राइटर से कहा कि वो चाहती हैं कि उन्हें एकदम सही ध्रुव मिले, क्योंकि फिल्म में ध्रुव संग उनकी केमिस्ट्री बहुत महत्व रखती है। शाहीर शेख संग ऑडिशन के दौरान उन्हें लगा कि सिर्फ उनके साथ ही केमिस्ट्री जम रही है। एक्ट्रेस को लगा कि उनकी केमिस्ट्री काम कर रही है।काजोल, कृति सेनन और तन्वी आजमी स्टारर फिल्म 'दो पत्ती' इस साल की मच अवेटेड फिल्म है। फिल्म के ट्रेलर को देखकर अंदाजा लगाया जा सकता है कि ये एक मर्डर मिस्ट्री है। सस्पेंस और थ्रिल से भरपूर ये फिल्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी।



हॉलीवुड मसाला



# पेरेंट्स से दूर रखना चाहती हैं बेटे को

**लॉस एंजिल्स।** इंटरनेशनल पॉप सिंगर जस्टिन बीबर और हैली बीबर ने हाल ही में अपने पहले बच्चे का स्वागत किया। उन्होंने अगस्त के आखिर में अपने बेटे जैक ब्लूज बीबर के आने की खुशखबरी अपने फैंस के साथ शेयर की. लेकिन इसी बीच एक बेहद चौंकाने वाली खबर सामने आ रही हैं, जिसने हर किसी को हैरान कर दिया है। हैली अपने बेटे को अपने ही पेरेंट्स से दूर रखना चाहती हैं। दरअसल, नए पेरेंट्स के तौर पर अपनी भूमिका को समझते हुए उन्होंने एक बड़ा फैसला किया है।



# रैपर कान्ये एक बार फिर कानूनी मुसीबत में फंसे

**लॉस एंजिल्स।** रैपर कान्ये वेस्ट एक बार फिर कानूनी मुसीबत में फंस गए हैं। अब वह अपने एक पूर्व कर्मचारी के मुकदमे से जूझ रहे हैं, जिसका दावा है कि उन्होंने अपनी शादी से पहले पत्नियों बियांका सेन्सोरी और किम कार्दशियन की जासूसी करने के लिए उसे फिक्सर के रूप में काम पर रखा था। कर्मचारी ने बताया है कि सेंसोरी को उसकी जानकारी के बिना विदेश में भी ट्रैक करने के आदेश दिए गए थे। कान्ये वेस्ट ने तुरंत इन आरोपों को 'काल्पनिक और झूठा' कहकर खारिज कर दिया और कहा कि मुकदमे का उद्देश्य उनके लिए दिक्कतें पैदा करना है और कुछ नहीं। कान्ये वेस्ट के मैनेजर मिलो यियानोपोलोस ने इस मुकदमे का जवाब दिया, जिसकी पहचान केवल जॉन डो के रूप में की गई है। डो का दावा है कि उसे कान्ये वेस्ट द्वारा काम पर रखा गया था।



# एडीएचडी बीमारी से जूझ रही हैं आलिया...

**मुंबई।** आलिया भट्ट ने हाल ही में एक बातचीत में खुलासा किया कि उन्हें एडीएचडी यानी अटेनशन डिफिशिएट हाईएक्टिविटी डिसऑर्डर का पता चला था। एक मनोवैज्ञानिक टेस्ट में इस बीमारी का मालूम हुआ। अपने बचपन के दिनों की बात करते हुए उन्होंने आगे कहा कि वे बचपन में अपनी क्लास के बच्चों से दूर हो जाया करती थीं और कभी-कभी बातचीत के दौरान गुस्सा हो जाया करती थीं। हाल ही में आलिया को अपनी इस बीमारी के बारे पता चला है। आलिया भट्ट ने कहा कि जब उन्होंने अपने दोस्तों को अपनी बीमारी के बारे में बताया तो आलिया के दोस्तों ने उनसे कहा कि वो पहले से ही जानते थे। हालांकि, आलिया को इस बारे में अब जाकर पता चला है। इस बीमारी से पीड़ित इंसान में ध्यान की कमी पाई जाती है।



# सफेद शेरवानी में दूल्हे राजा बनकर छाए

**मुंबई।** रणबीर कपूर दूल्हे राजा के लिबास में नजर आए हैं। सफेद शेरवानी और पगड़ी में उनका अंदाज देखने लायक है। इतना ही नहीं, वायरल वीडियो में रणबीर बरात लेकर निकलते दिखे हैं और खूब नाचते-झूमते हुए आगे बढ़ रहे हैं। रणबीर कपूर को अचानक दूल्हे राजा के लिबास में देख अगर आप सोच रहे हैं कि उनका यह लुक किसी विज्ञापन और फिल्म से संबंधित है तो बता दें कि ऐसा नहीं है। फिर क्या है सच्चाई? रणबीर कपूर ने यह लुक मशहूर डिजाइनर तरुण तहिलियानी के शो के लिए अपनाया है। दिल्ली में आयोजित इस शो में रणबीर कपूर शो स्टॉपर बने। रणबीर कपूर भारतीय दूल्हे के लुक में नजर आए। वीडियो में रणबीर कपूर की कार और ढोल नगाड़ों के साथ एंट्री होती दिख रही है। रणबीर स्टेज पर भी अन्य मॉडल्स के साथ डांस करते हुए नजर आए।

टीवी मसाला



# अनुपमा में होने जा रही है स्मृति ईरानी की एंट्री?

**नई दिल्ली।** राजन शाही का पॉपुलर शो अनुपमा शुरू से ही दर्शकों का फेवरेट शो रहा है। इस ने दर्शकों के दिल में अपनी एक खास जगह बनाई है। बीते दिनों कई किरदार इस शो को छोड़कर चले गए हैं। वहीं, अब रुपाली गांगुली का ये शो अपने लीप को लेकर चर्चा में बना हुआ है। जाहिर है कि 15 साल के लीप के बाद कहानी पलट गई है। साथ-साथ नए कलाकारों की भी एंट्री हुई। इसी बीच अब अनुपमा शो से जुड़ी एक बड़ी खबर सामने आ रही है, जो फैंस के लिए सप्राइज है। खबर है कि अनुपमा में स्मृति ईरानी की एंट्री हो सकती है। एक रिपोर्ट के अनुसार, भाजपा नेता स्मृति ईरानी फिर से टीवी पर वापसी करने वाली हैं। सूत्रों का कहना है की स्मृति टीवी के टॉप शो अनुपमा से छोटे पर्दे पर वापसी करने का मन बना रही हैं। क्या शो में स्मृति, रुपाली की जगह लेंगी या फिर किसी नए किरदार में होंगी ये क्लियर नहीं है। हालांकि, अभी तक स्मृति के अनुपमा में आने को लेकर मेकर्स या एक्ट्रेस की तरफ से कोई आधिकारिक जानकारी सामने नहीं आई है।

## शेयर की अपनी आखिरी बची पलक की फोटो

**नई दिल्ली।** हिना खान ने कैंसर से जंग के बीच एक और इमोशनल लेकिन मोटिवेशनल पोस्ट डाला है। उन्होंने अपनी आखिरी बची पलक की तस्वीर पोस्ट की है। साथ में बताया है कि इस वक्त उनका



मोटिवेशन क्या है। हिना ने लिखा है कि कीमोथेरपी की वजह से उनकी सारी पलकें झड़ गईं बस एक बची है। उम्मीद की है कि सब जल्द ठीक होगा। हिना ने कैप्शन लिखा है, जानना चाहते हैं, इस वक्त मेरे मोटिवेशन का सोर्स क्या है? कभी मेरी आंखों को सजाने वाली ढेर सारी मेरी जेनेटिकली लंबी पलकों के साथ रही यह बहादुर, अकेली सिपाही मेरी आखिरी खड़ी पलक सारी कठिनाइयों से लड़कर मेरे साथ खड़ी है। कीमो की लास्ट साइकल के करीब हूं तो यह आखिरी पलक मेरा मोटिवेशन है। हम आखिरी तक इसे भी देखेंगे। इंशाअल्ला हम जरूर देखेंगे। हिना ने साथ में लिखा है, मैंने एक दशक या असल में इससे ज्यादा समय से नकली आईलिड्स नहीं लगाई हैं पर अब अपने शूट्स के लिए लगानी पड़ती हैं। कोई ना। सब ठीक हो जाना है। दुआ।

# बाबा सिद्दीकी को अपने बेटे की तरह मानते थे सुनील दत्त...

**नई दिल्ली।** बाबा सिद्दीकी की हत्या ने राजनीति के साथ बॉलीवुड जगत के लोगों को भी हिलाकर रख दिया है। सभी जानते हैं कि बाबा सिद्दीकी के बॉलीवुड से अच्छे संबंध थे। शाहरुख-सलमान के अलावा संजय दत्त उनके काफी करीबी थे और दत्त फैमिली से उनका संबंध वर्षों पुराना था। बाबा सिद्दीकी के करीबी बताते हैं कि बॉलीवुड के साथ उनके संबंध की शुरुआत संजय दत्त के पिता सुनील दत्त के साथ हुई थी। दोनों एक-दूसरे के काफी करीबी थे। कहा जाता है कि सुनील दत्त सिद्दीकी को बेटे की तरह मानते थे। उनके जाने के बाद संजय दत्त और प्रिया दत्त से भी बाबा सिद्दीकी ने अच्छे संबंध रखे। दत्त और सिद्दीकी परिवार काफी नजदीक थे, अक्सर इफ्तार समेत अन्य फैमिली पार्टी में वे साथ शामिल होते थे। कहा तो यह भी जाता है कि जब संजय दत्त आर्म्स एक्ट में फंसे थे, तो बाबा सिद्दीकी उस मुसीबत की घड़ी में व्यक्तिगत रूप से उनके साथ खड़े थे। इसके अलावा संजय की बहन प्रिया दत्त की जब राजनीति में एंट्री हुई तो उन्होंने उनकी भी काफी मदद की। यही कारण है कि उसकी हत्या की जानकारी होते ही संजय दत्त सबसे पहले अस्पताल पहुंचने वालों में थे। प्रिया दत्त भी बाबा सिद्दीकी को देखने लीलावती अस्पताल गई थी। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, 'बाबा सिद्दीकी की दुखद मौत की खबर सुनकर मैं



स्तब्ध हूं। बाबा सिर्फ एक राजनीतिक सहयोगी नहीं थे, बल्कि वह मेरे परिवार के सदस्य थे। मेरे पिता के लिए बाबा सिद्दीकी एक बेटे की तरह थे और मेरे लिए वह एक भाई और एक प्यारे दोस्त थे।' उन्होंने आगे लिखा कि 'मेरे पिता की राजनीतिक यात्रा के दौरान और उसके बाद भी वे हमेशा उनके साथ खड़े रहे। जब मैंने राजनीति में प्रवेश किया, तो उन्होंने मुझे इसके उतार-चढ़ाव के दौरान मार्गदर्शन किया और अपना अटूट समर्थन दिया। उनका जाना परिवार के किसी सदस्य के चले जाने जैसा है।

# आराध्या संग झूमते दिखे ऐश-अभिषेक



*मुंबई। ऐश्वर्या राय और अभिषेक बच्चन को लेकर तलाक की खबरें जोरों से फैल रही हैं, लेकिन अब एक और वीडियो सामने आ गया है जो सबके मुंह पर ताला लगाने के लिए काफी है। अनंत अंबानी के प्री वेडिंग के ट्रेलर में दोनों को एक साथ बैठकर एंजॉय करते देखा जा सकता है। साथ में उनकी बेटी भी है। एक नए वीडियो से पता चला है कि ऐश्वर्या राय और अभिषेक बच्चन, अनंत अंबानी की शादी के प्री-वेडिंग में एक साथ खुलकर एंजॉय कर रहे थे। अंबानी परिवार ने अनंत अंबानी की एक नई डॉक्यूमेंट्री रिलीज की है, जिसमें इस साल मार्च में जामनगर में हुए तीन दिन के प्री-वेडिंग फंक्शन की झलकियां दिखाई गई हैं।*

## रेलवे की पटरी पर बैठकर सोचते थे कि कैसे वो मुंबई जाने का सपना पूरा करेंगे

# अपनी जन्मभूमि साहनेवाल का रेलवे स्टेशन और गलियां देख आंसुओं में डूब गए धर्मेंद्र

*नई दिल्ली। बॉलीवुड इंडस्ट्री में कुछ दिग्गज कलाकार ऐसे हैं जिन्होंने बहुत छोटी जगह से निकल कर अपने फिल्मी करियर की शुरुआत की और ऐसी सफलता हासिल की कि कभी इन्होंने पीछे मुड़कर नहीं देखा। लेकिन आज भी ये अपनी जड़ों से जुड़े हुए हैं और जब उनके सामने उनकी स्ट्रगल स्टोरी आती है तो वो काफी इमोशनल हो जाते हैं। ठीक इसी तरह से रियलिटी शो के मंच पर जब धर्मेंद्र पाजी पहुंचे और उन्हें उनकी जिंदगी के उस पहलू को दिखाया गया जब वो पंजाब के साहनेवाल में रहते थे। ये देखकर धर्मेंद्र पाजी इमोशनल हो गए।*



### स्ट्रगल स्टोरी देख हुआ इमोशनल

इंस्टाग्राम पर dharam_hema नाम से बने पेज पर रियलिटी शो का एक वीडियो शेयर किया गया है। इसमें गेस्ट जज के तौर पर धर्मेंद्र शामिल हुए और मंच पर जब उनकी कहानी दिखाई गई तो काफी इमोशनल हो गए। इस वीडियो में लुधियाना से 10 किलोमीटर दूर उनके गांव साहनेवाल को दिखाया गया और बताया गया कि कैसे यहां से उन्होंने अपने करियर की शुरुआत की। सालों तक रेलवे की पटरी पर बैठकर वो ये सोचते थे कि कैसे वो मुंबई जाने का अपना सपना पूरा करेंगे। फिर उन्होंने यहां से निकल कर अपने एक्टर बनने की जर्नी शुरू की। ये वीडियो देखकर मंच पर बैठे धर्मेंद्र के अलावा उनके बेटे सनी देओल और उनके पोते भी इमोशनल हो गए।

## धरम पाजी को कोई टक्कर नहीं दे सकता

सोशल मीडिया पर धर्मेंद्र का ये वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है और हजारों लोग इस वीडियो को लाइक कर चुके हैं। एक यूजर ने लिखा वी लव देओल फैमिली। एक ने लिखा कि हमारे दिलों से अपने गांव की यादें कभी नहीं जाती हैं। धर्मेंद्र के एक फैन ने लिखा कि धर्मेंद्र पाजी वो हैं जिससे कोई भी टक्कर नहीं ले सकता था उस समय। इसी तरह से कई यूजर्स ने इसपर लव इमोजी शेयर की और उनके प्रति अपना प्यार दिखाया। बता दें कि धर्मेंद्र का जन्म 8 दिसंबर 1935 को लुधियाना जिले के साहनेवाल गांव में एक



जाट सिख परिवार में हुआ था। उन्होंने 1960 में दिल भी तेरा हम भी तेरा फिल्म से अपने करियर की शुरुआत की और इसके बाद कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा और सैकड़ों सुपर डुपर हिट फिल्में की। आखिरी बार धर्मेंद्र को फिल्म रॉकी रानी की प्रेम कहानी और तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया में देखा गया था और अब जल्दी धर्मेंद्र अपने फिल्म के सीक्वल में नजर आने वाले हैं।

## मुडा मामले पर कांग्रेसाध्यक्ष खरगे पर बरसे सुधांशु

# 'भूदान' से जुड़ी कांग्रेस अब चलाने लगी 'भू हड़प आंदोलन'

### खरगे परिवार ने लौटाई जमीन, पूरी कांग्रेस सौदों में लिप्त

### सिद्धार्थ विहार ट्रस्ट के अध्यक्ष और मंत्री हैं राहुल खरगे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

'जलालत' से बचने यह कदम उठाया





कर्नाटक की कांग्रेस सरकार पर भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने जमीन सौदों में भ्रष्टाचार को लेकर आरोप लगाया। भाजपा ने कहा कि कांग्रेस का समूचा शीर्ष नेतृत्व भूमि सौदों से जुड़े भ्रष्टाचार में लिप्त है और इन मामलों में उसे नैतिक आधार पर इस्तीफा दे देना चाहिए।

भाजपा की ओर से कांग्रेस पर यह हमला ऐसे समय किया गया है, जब कर्नाटक में सिद्धार्थ विहार ट्रस्ट के अध्यक्ष राहुल एम. खरगे ने 'बहु-कौशल विकास केंद्र, प्रशिक्षण संस्थान एवं अनुसंधान केंद्र' स्थापित करने के लिए बेंगलुरु में 5 एकड़ जमीन के आवंटन के अपने अनुरोध को रविवार को वापस ले लिया।

**सीएम की पत्नी पार्वती ने भी लौटाए 14 भूखंड**

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के बेटे राहुल खरगे का यह कदम सिद्धारमैया की पत्नी पार्वती द्वारा मैसूरु शहरी विकास प्राधिकरण को 14 भूखंड वापस लौटाने के बाद आया है। लोकायुक्त पुलिस ने इस मामले को लेकर सिद्धरमैया, उनकी पत्नी और एक रिश्तेदार के खिलाफ मामला दर्ज किया था। सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि ये फैसले नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक (सीएजी) की प्रतिकूल रिपोर्ट और कानूनी कार्यवाही के कारण लिए गए हैं और एक तरह से यह उसके नेताओं की स्वीकारोक्ति है कि भू-आवंटन गलत था।

### वापसी से काम नहीं चलेगा, मामला दर्ज हो, इस्तीफा दें

उन्होंने कांग्रेस से सवाल किया, सिर्फ जमीन वापस करने से काम नहीं चलेगा। नैतिकता के आधार पर जिन लोगों ने जमीन वापस कर दी, क्या उन्हें इस्तीफा नहीं देना चाहिए?' मैसुरु शहरी विकास प्राधिकरण (एमयूडीए) भूखंड आवंटन घोटाले मामले में लोकायुक्त पुलिस ने 25 सितंबर को विशेष न्यायालय के आदेश के बाद 27 सितंबर को सिद्धारमैया, उनकी पत्नी पार्वती बी एम, उनके करीबी रिश्तेदार मल्लिकार्जुन स्वामी, देवराजू (जिनसे मल्लिकार्जुन स्वामी ने जमीन खरीदकर पार्वती को उपहार में दी थी) तथा अन्य के खिलाफ मामला दर्ज किया था।

#### 'मोहब्बत की दुकान' अब 'अवैध प्रॉपर्टी डीलर की दुकान' बनी

सुधांशु ने दावा किया कि कानूनी कार्रवाई के दौरान होने वाली 'जलालत' से बचने के लिए ऐसा किया गया। त्रिवेदी ने सिद्धारमैया समेत कांग्रेस के कई नेताओं पर कथित जमीन घोटालों का आरोप लगाया और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी से पूछा की उनकी 'मोहब्बत की दुकान' अब 'अवैध प्रॉपर्टी डीलर की दुकान' में कैसे तब्दील हो गई? त्रिवेदी ने खरगे और सिद्धरमैया के परिवार के सदस्यों से जमीन लौटाने की पेशकश का उल्लेख करते हुए कहा कि यह एक प्रकार से उनकी स्वीकारोक्ति है। सत्ता का दुरुपयोग करके भूमि को हड़पने का कार्य कर्नाटक में कांग्रेस में सर्वोच्च स्तर पर हो रहा था।

#### ईसीआईआर भी दर्ज

इसके बाद ईडीने भी 30 सितंबर को मुख्यमंत्री के खिलाफ प्रवर्तन मामला सूचना रिपोर्ट (ईसीआईआर) दर्ज की, जिसमें एमयूडीए की ओर से उनकी पत्नी पार्वती बी एम को 14 भूखंडों के आवंटन में कथित अनियमितताएं करने का आरोप है। पार्वती द्वारा भूखंड लौटाने की पेशकश के बाद, एमयूडीए ने उन्हें आवंटित 14 भूखंडों को वापस लेने का एक अक्टूबर को फैसला किया था।

#### *सोनिया और राहुल की प्रेरणा से चल रहा 'भू हड़प आंदोलन'*

*त्रिवेदी ने आरोप लगाया कि एक समय महात्मा गांधी और विनोबा भावे के 'भूदान' से जुड़ी पार्टी अब सोनिया गांधी और राहुल गांधी की 'प्रेरणा' से 'भू हड़प आंदोलन' चला रही है। भाजपा सांसद ने उल्लेख किया कि सोनिया और राहुल नेशनल हेराल्ड मामले में आरोपी हैं। गांधी परिवार ने कांग्रेस के धन का इस्तेमाल कर नेशनल हेराल्ड को प्रकाशित करने वाली कंपनी एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेडपर कब्जा किया और 20 अरब से अधिक की संपत्ति अर्जित करने का प्रयास किया।*

## खबर संक्षेप

### केंद्रीय मंत्री चिराग और गहलोत को जेड सुरक्षा

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्रालय ने केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान की सुरक्षा बढ़ाने का फैसला किया है।



अब चिराग को जेड कैटेगरी की सुरक्षा देने का फैसला किया है। इससे पहले चिराग को एसएसबी के कमांडो की सुरक्षा मिली हुई थी। इसी तरह राज्यपाल थावरचंद गहलोत की सुरक्षा में इजाफा किया गया है। केंद्र से उनको भी जेड सिक्योरिटी दी गई है।

### मुंबई से जुड़े सभी पांच बूथ टोल फ्री : शिंदे

**मुंबई।** महाराष्ट्र में छोटे वाहन चालकों के लिए बड़ी खुशखबरी है। विधानसभा चुनाव से पहले



शिंदे कैबिनेट ने बड़ा ऐलान किया है। राज्य सरकार ने मुंबई में प्रवेश करने वाले सभी 5 टोल बूथों पर हल्के मोटर वाहनों के लिए टोल शुल्क को पूरी तरह से माफ करने की घोषणा की है। यह नियम सोमवार रात 12 बजे से लागू हो जाएगा।

### कानपुर में दर्दनाक हादसे में 5 की मौत

**कानपुर।** उत्तर प्रदेश के कानपुर में भीषण सड़क हादसे में पांच लोग की मौत हो गई। इसमें 4 प्रणवीर



सिंह इंस्टीट्यूट आफ टेक्नोलॉजी के छात्र-छात्रा हैं और एक ड्राइवर है। यह दर्दनाक हादसा दिल्ली-लखनऊ हाईवे पर सुबह लगभग 8.30 बजे हुआ। भौंती बाइपास की ओर से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक और कार की टक्कर हुई। मृतकों में दो छात्राएं, दो छात्र और एक ड्राइवर है।

### कोरोना वैक्सीन के कुप्रभाव की अर्जी खारिज

**नई दिल्ली।** कोरोना वैक्सीन के साइड इफेक्ट से जुड़ी एक याचिका को सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दिया



है। सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका दायर की गई थी, जिसमें दावा किया गया था कि कोरोना वैक्सीन के इस्तेमाल के बाद इंसानों को हार्ट अटैक का सामना करना पड़ रहा है। मामले को चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अगवाई वाली बेंच ने सुना। जस्टिस जेबी पादरीवाला भी थे।

### महाराष्ट्र राज्य कौशल विवि का नाम रतन टाटा होगा

**मुंबई।** राज्य मंत्रिमंडल ने सोमवार को महाराष्ट्र राज्य कौशल विश्वविद्यालय का नाम दिवंगत रतन



टाटा के नाम पर रखने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। महाराष्ट्र सरकार ने महाराष्ट्र राज्य कौशल विकास विश्वविद्यालय का नाम बदलकर रतन टाटा महाराष्ट्र राज्य कौशल विकास विवि करने का फैसला किया है। दिग्गज उद्योगपति रतन टाटा का 9 अक्टूबर को निधन हो गया था।

---

## बहराइच में दुर्गा मूर्ति विसर्जन के दौरान बवाल ने हिंसक रूप लिया

# अस्पताल, शोरूम में आगजनी-तोड़फोड़, दुकानों और घरों को जलाया, इंटरनेट बंद, पुलिस तैनात

एजेंसी ▶▶ बहराइच

उत्तर प्रदेश के बहराइच में दुर्गा मूर्ति विसर्जन के दौरान बवाल ने बड़ा रूप ले लिया है। सोमवार सुबह एक बार फिर से बहराइच में आगजनी और तोड़फोड़ की गई। कई दुकानों और घरों में तोड़फोड़ की गई। बाइक के शोरूम और एक अस्पताल में आग लगा दी गई है।

वाहनों को आग के हवाले कर दिया गया है। दवाइयों को जला दिया गया है। चंदपैया और कबड़ियापुरवा गांव में भी आगजनी हुई है। कई घर जलाए गए हैं। सीएम योगी के निर्देश पर एसीएस होम एवं एडीजी लॉ एंड ऑर्डर मौके पर पहुंचे हैं। 6 कंपनी पीएसी बहराइच भेजी गई हैं। भीड़ हाथ में डंडे और लाठी लेकर सड़क पर उतरी। सीएम योगी ने दंगाइयों से सख्ती से निपटने के निर्देश दिए हैं। अफवाह फैलाने वालों पर भी कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। आरोपियों को जल्द गिरफ्तार करने के लिए कहा है। इंटरनेट बंद कर दिया गया है। पुलिस की कई कंपनियां तैनात की गई हैं।

### स्थिति को संभालने एडीजी भी मैदान में उतरे, कई कंपनियां तैनात

### सीएम योगी के निर्देश के बाद यूपी पुलिस ने दिखाई सख्ती





#### *समझाइश के बाद किया अंतिम संस्कार*

*परिजनों ने शव का अंतिम संस्कार करने से इनकार कर दिया है। हालांकि पुलिस ने मृतक के परिजनों को समझाया है। लेकिन अभी तक बात नहीं बनी है। परिजन कड़ी कार्रवाई की मांग पर अड़े हैं। हालांकि बाद में अंतिम संस्कार कर दिया गया।*

### मुख्य आरोपी सलमान सहित 25 गिरफ्तार

इस बीच देर रात मुख्य आरोपी सलमान समेत कई लोगों पर एफआईआर किया किया। यहां 20 से 25 लोगों के हिरासत में लेने की खबरें हैं। उधर दूसरी ओर पूजा कमेटी देर रात तक इस बात पर अड़ी रहीं कि आरोपियों की गिरफ्तारी हो। आरोपियों को फांसी देने के नारे देर रात सड़कों पर गूंजते रहे।

#### शोरूम में लगाई आग

रविवार को हुई घटना के बाद सोमवार को भी हंगामा जारी रहा। घटना से प्रभावित महराजगंज के टीवीएस और हीरो एजेंसी में आग लगा दी गई है। प्रशासन ने भी यह माना है कि कुछ जगहों पर आगजनी हुई है लेकिन किसी प्रकारकी जनहानि नहीं हुई है। इस घटना के बाद क्षेत्र में अभी भी तनाव व्याप्त है। महराजगंज और महसी इलाके के निजी स्कूलों में छुट्टी कर दी गई।

#### 12 से अधिक लोग घायल

मामले में सुधाकर तिवारी (45), सत्यवान (40), अखिलेश वाजपेयी (55) विनोद मिश्रा (60), लाल विश्वकर्मा (55) समेत 12 से अधिक लोग घायल हो गए। अधिकांश लोग निजी अस्पताल में इलाज करवा रहे हैं।

**30 उपद्रवी हिरासत में**

इस घटना पर प्रदेश सरकार एक्शन में है। सीएम योगी के निर्देश पर होम सेक्रेटरी संजीव गुप्ता एवं एडीजी लॉ एंड ऑर्डर मौके पर पहुंते। प्रशासन के अनुसार अब तक 30 उपद्रवी हिरासत में लिए जा चुके हैं।

**6 कंपनी पीएसी पहुंचीं**

इस घटना पर काबू पाने के लिए 6 कंपनी पीएसी के साथ 4 एसपी रैंक के अफसर, दो एडिशनल एसपी, 6 सीओ, एक कंपनी आरएएफ को बहराइच भेज गया। इसके साथ ही पुलिस के आला अफसर डंटे हैं।

#### सीतापुर में भी अलर्ट

### मुख्य मार्ग सील, बॉर्डर पर चेकिंग



बहराइच जिले में हिंसा के बाद सीतापुर में भी अलर्ट कर दिया गया। बहराइच सीतापुर मार्ग को बसील कर दिया गया है। इसके साथ ही बॉर्डर पर सघन चेकिंग की जा रही है जनपद की सीमा पर वाहनों की सघन चेकिंग की जा रही है। इस दौरान भारी वाहनों को भेजने की मनाही कर दी गई है। रेउसा थाना क्षेत्र से आगे गाड़ियों को अब नहीं जाने दिया जा रहा है।मौके पर एसपी उत्तरी प्रकाश कुमार, एएसपी दक्षिणी परवीन रंजन सिंह व अन्य पुलिसकर्मी मौजूद हैं। इतना ही नही भारी संख्या में पुलिस बल को भी तैनात कर दिया गया। सीओ बिसवां सतीश चन्द्र शुक्ला व सीओ महमूदाबाद दिनेश शुक्ला भारी पुलिस बल के साथ मुस्तैद रहे। किसी वाहन को बहराइच जाने की अनुमति थी बहराइच से सीतापुर में आने की मनाही है। पुलिस ने बैरिकेडिंग करके रास्ते को पूरी तरह बंद कर दिया है।

---

#### जेके में 5 विधायकों को मनोनीत करने पर रार

## सिंघवी- फिर तो सत्ता पलट जाएगी शीर्ष कोर्ट ने कहा- हाईकोर्ट जाइए

सत्ता संग्राम पर सुप्रीम कोर्ट में बहस सुनवाई से इनकार



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

जम्मू-कश्मीर विधानसभा में उपराज्यपाल की ओर से 5 विधायक मनोनीत करने के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की गई थी। सुप्रीम कोर्ट ने इस याचिका पर सुनवाई करने से इनकार कर दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि इस मामले पर याचिकाकर्ता पहले हाई कोर्ट में याचिका दायर करें।

याचिकाकर्ता रविंदर कुमार शर्मा की ओर से वरिष्ठ वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी। लाइव लॉ की रिपोर्ट के अनुसार सुनवाई के दौरान वरिष्ठ वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने दलील दी कि यह एक बुनियादी संरचना का मुद्दा है। आप इसके सहारे चुनाव से मिले जनादेश को रद्द कर सकते हैं। याचिका पर जस्टिस संजीव खन्ना ने कहा कि ये हम जानते हैं, आप हाई कोर्ट में इस मामले को ले जाइए। उन्होंने ये भी कहा कि कई मामलों में जहां हमने पहली बार में याचिकाओं पर सुनवाई की है, हम देखते हैं कि उसस कई चीजें छूट जाती हैं।

#### सिंघवी ने दी यह दलील

*जस्टी खन्ना की इस बात पर सिंघवी ने कहा कि मान लीजिए कि 90 सदस्यों वाली विधानसभा में मेरे पास 48 विधायक हैं। यह बहुमत के आंकड़े से 3 अधिक है। अगर एलजी 5 विधायकों को मनोनीत करते हैं, तो दूसरी तरफ 47 विधायक हो सकते हैं और सिर्फ एक सदस्य का अंतर रह जाएगा। आप इस शक्ति का उपयोग करके चुनावी जनादेश को पूरी तरह से विफल कर सकते हैं। क्या होगा अगर उन्होंने भविष्य में नामांकन को 5 से बढ़ाकर 10 करने का फैसला किया।*

### कोर्ट ने कहा-सब नहीं तय कर सकते

सिंघवी की इस दलील पर जस्टिस ने कहा कि हाई कोर्ट जाएं। हम इस पर स्टे लगा सकते हैं, लेकिन हम यहां सब कुछ तय नहीं कर सकते। कोर्ट ने आगे कहा कि हम संविधान के अनुच्छेद 32 (रिट क्षेत्राधिकार) के तहत इस याचिका पर विचार करने के लिए इच्छुक नहीं हैं। हम याचिकाकर्ता को अनुच्छेद 226 (रिट) के तहत क्षेत्राधिकार वाले उच्च न्यायालय में जाने की स्वतंत्रता देते हैं।

---

#### पीएम मोदी से मिलीं सीएम आतिशी

## दिल्ली के कल्याण और प्रगति के लिए केंद्र सरकार का सहयोग 'अपेक्षित'

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



राजधानी दिल्ली में मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के बाद सीएम आतिशी ने सोमवार को पीएम मोदी से मुलाकात की है। प्रधानमंत्री कार्यालय की ओर से सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर इसकी जानकारी दी गई है।

पीएम मोदी और दिल्ली की सीएम आतिशी की मुलाकात की एक तस्वीर भी शेयर की गई है। हाल ही में अरविंद केजरीवाल ने जेल से बाहर आने के बाद दिल्ली के सीएम पद से इस्तीफा दे दिया था। इसके बाद विधायक दल की बैठक में आतिशी को दिल्ली की सीएम चुना गया। पीएम मोदी से मुलाकात के बाद सीएम आतिशी ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर पोस्ट किया। अपनी पोस्ट में उन्होंने लिखा, माननीय प्रधानमंत्री जी नरेंद्र मोदी जी से आज मुलाकात हुई। मैं दिल्ली के कल्याण और प्रगति के लिए केंद्र और दिल्ली सरकार के बीच पूर्ण सहयोग की आशा करती हूं।

#### पुलिस गैंग का नेटवर्क खंगाल रही

## लॉरेंस बिश्नोई की हिटलिस्ट में मुनव्वर फारूकी समेत कई दिग्गजों का नाम

एजेंसी ▶▶ मुंबई



बाबा सिद्दीकी की हत्या के बाद लॉरेंस बिश्नोई गैंग के इरादों से जुड़ी कुछ शॉकिंग बातें सामने आ रही हैं। उनकी हिटलिस्ट में कॉमेडियन मुनव्वर फारूकी का नाम भी है। कुछ दिन पहले दिल्ली के इवेंट में मुनव्वर के पीछे बिश्नोई गैंग के दो शूटर्स थे। पुलिस गैंग का नेटवर्क खंगाल रही है। हिटलिस्ट में सलमान खान के अलावा कई नेता और सिलेब्स का नाम भी है। सितंबर में मुनव्वर गैंग का निशाना बनने से बचे थे। मुनव्वर जिस फ्लाइट में थे, उसमें बिश्नोई के दो शूटर्स भी थे। उनका कार्यक्रम दिल्ली में होना था। जहां मुनव्वर होटल में रुके थे, वहीं पास में ही बिश्नोई के भी शूटर रुके थे। उधर, राकांपा नेता और महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री बाबा सिद्दीकी की हत्या के मामले में गिरफ्तार तीसरे आरोपी प्रवीण लोणकर को अदालत ने 21 अक्टूबर तक पुलिस हिरासत में भेज दिया। दो पहले से ही हिरासत में भेजे जा चुके हैं।

#### झारखंड में मनी लॉन्ड्रिंग केस में ईडी की बड़ी कार्रवाई

## मंत्री मिथिलेश और आईएएस समेत 20 स्थानों पर मारा छापा

एजेंसी ▶▶ रांची

झारखंड में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम ने सोमवार को छापा मारा। छापेमारी कुछ बिजनेसमैन, एक मिनिस्टर के क्लेरिकल स्टाफ और ब्यूरोक्रेट्स के ठिकानों पर की।

बताया जा रहा है कि एन्फोर्समेंट डायरेक्टरेट की झारखंड में यह छापेमारी जल जीवन मिशन से जुड़े एक्सटॉर्शन रैकेट मामले में है। एक्सटॉर्शन रैकेट से जुड़े इस केस में ईडी मनी लॉनड्रिंग मामले में जांच कर रही है। रांची और चाईबासा में 20 से अधिक ठिकानों पर ये कार्रवाई की है।

बिजनेसमैन, क्लेरिकल स्टाफ और ब्यूरोक्रेट्स भी शामिल



#### *मंत्री के भाई पर भी नजर*

*ईडी ने पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश ठाकुर और आईएएस अधिकारी मनीष रंजन से जुड़े ठिकानों पर ये कार्रवाई की। ईडी के अधिकारी जिन अवैध धन के स्रोतों और कागजात की तलाश में छापेमारी कर रहे हैं। उनमें मिथलेश के भाई विनय ठाकुर, उनके निजी सचिव हरेंद्र सिंह, मनीष रंजन और विभाग के कई इंजीनियर शामिल हैं। ईडी की टीम जिन जगहों पर छापेमारी कर रही है, उनमें विजय अग्रवाल का इंद्रपुरी रोड स्थित आवास, रातू रोड स्थित आवास के अलावा हरमू और मोरहाबादी शामिल हैं। मनीष रंजन काफी समय तक पेयजल एवं स्वच्छता विभाग में सचिव रह चुके हैं।*

---

#### औषधि नियामक प्राधिकरणों के अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में बोले नड्डा

# भारत वैश्विक स्वास्थ्य सुरक्षा में योगदान के लिए प्रतिबद्ध

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत में पहली बार केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन (सीडीएससीओ) द्वारा आयोजित औषधि नियामक प्राधिकरणों के 19वें अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का सोमवार को उद्घाटन करने के बाद केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने औषधि नियामक प्राधिकरण का चिकित्सा जगत में योगदान को लेकर कहा कि यह मंच 120 से अधिक देशों के विशेषज्ञों और नेताओं को एक साथ लाता है और वैश्विक स्वास्थ्य मानकों को बढ़ाने और सार्वजनिक स्वास्थ्य की सुरक्षा के लिए भारत की साझा प्रतिबद्धता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि स्थायी स्वास्थ्य समाधान के लिए सीमाओं, क्षेत्रों और विषयों के पार सहयोग आवश्यक है।

केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन ने किया आयोजन




#### *हमारी प्रगति दुनिया की प्रगति से अविभाज्य*

*केंद्रीय मंत्री ने वसुधैव कुटुम्बकम का जिक्र करते हुए कहा कि वसुधैव कुटुम्बकम के सिद्धांत से प्रेरित होकर हम महामारी के दौरान जीवन रक्षक दवाएं और टीके उपलब्ध कराने वाले 150 से ज्यादा देशों को अपना समर्थन देते हैं। अंतरराष्ट्रीय एकजुटता की यह भावना वैश्विक स्वास्थ्य के प्रति भारत के दृष्टिकोण का मूल है। इउन्होंने कहा हमारा मानना है कि हमारी प्रगति दुनिया की प्रगति से अविभाज्य है। हम वैश्विक स्वास्थ्य सुरक्षा को संकल्पित हैं।*

#### *कोविड-19 महामारी में भारत का परचम*

*नड्डा ने कोविड-19 के दौरान भारत का दुनिया भर में योगदान को लेकर कहा कि भारत न केवल स्वास्थ्य लचीलेपन और नवाचार में एक वैश्विक नेता के रूप में उभरा है बल्कि कोविड-19 महामारी के दौरान दुनिया की फार्मेसी के रूप में अपनी भूमिका की भी पुष्टि की है। नड्डा ने कहा कि एक अरब से ज्यादा लोगों को कवर करने वाले कोविड-19 टीकाकरण कार्यक्रम का सफल रोलआउट हमारी स्वास्थ्य सेवा प्रणाली की मजबूती और हमारे स्वास्थ्य कर्मियों के समर्पण और हमारी नीतियों का प्रमाण है।*

#### *यह मंच विकास को देगा और गति*

*नड्डा ने कहा कि यह मंच ज्ञान साझा करने, साझेदारी को बढ़ावा देने और दुनिया भर में चिकित्सा उत्पादों की सुरक्षा, प्रभावकारिता और गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए नियामक ढांचे विकसित करने के लिए एक स्थान प्रदान करता है। हमारी राष्ट्रीय नियामक एजेंसी ने देश में सुरक्षित और प्रभावकारी दवाओं और चिकित्सा उपकरणों को मंजूरी देने और दुनिया के 200 से अधिक देशों को निर्यात करने के लिए एक मजबूत प्रणाली बनाई है।*

#### सैनी 17 को लेंगे पद व गोपनीयता की शपथ

## सीएम पद की शपथ लेने से पहले मां कामाख्या का लिया आशीर्वाद

एजेंसी ▶▶ गुवाहाटी



हरियाणा में भाजपा की जीत के बाद अब फिर से नायब सिंह सैनी मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने वाले हैं। हरियाणा के नए सीएम और राज्य मंत्रिमंडल के शपथ ग्रहण समारोह पर सीएम के मीडिया सचिव प्रवीण अत्रे ने कहा है कि नायाब का शपथ ग्रहण समारोह 17 अक्टूबर को सुबह 10 बजे है। इस बीच सैनी पत्नी सुमन सैनी के साथ असम के मां कामाख्या का दर्शन करने पहुंचे। मैं चुनाव से पहले आया था और अब चुनाव के बाद मैं उज्ज्वल भविष्य की प्रार्थना करने आया हूं। हरियाणा के लोग स्वस्थ रहें।

#### *उमर कल लेंगे सीएम पद की शपथ*

*16 अक्टूबर को जम्मू-कश्मीर की नई सरकार का शपथ ग्रहण होगा. उमर अब्दुल्ला सीएम पद की शपथ लेंगे। उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने समारोह के लिए 16 अक्टूबर की सुबह 11.30 बजे का समय तय किया है। उपराज्यपाल की तरफ से उमर को जारी चिट्ठी में उन्हें सरकार बनाने का न्यौता दिया गया है।*

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक राजेश मीणा द्वारा अम्बर ऑफसेट प्रा. लि., डी एल टॉवर, 3-ए, विद्याआश्रम संस्थानिक क्षेत्र, जेएलएन मार्ग, जयपुर से मुद्रित एवं बी-66, कुसुम विहार, जगतपुरा, मालवीया नगर, जयपुर से प्रकाशित।
सम्पादक-राजेश मीणा, Email : sanjeevnitoday@gmail.com मो: 8094811115, (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी)